R.N.I.NO UPHIN/2010/39063



बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेंद्र मोदी को जम्मू–कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग–अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं। देश जवाब मांग रहा है – आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते?

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



वर्ष : 14 अंक : 240 | लखनऊ गुरुवार,13 जून 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य – 2 रुपये

3 मंदिर के बगल शराब ठेका विवाद .... | 6 मॉब लिंचिंग के लिए सरकार.... | श्वेता तिवारी ने 43 की उम्र.... 8

## कुवैत की बहुमंजिला इमारत में आग 40 से अधिक भारतीयों की मौत



### दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया... 965–65505246

एजेंसी

कुवैत में बड़ी संख्या में भारतीय काम के सिलसिले से जाते हैं। आज बुधवार को सुबह तड़के वहां की एक 6 मंजिला इमारत में आग लग गई, जिससे तकरीबन 40 से अधिक भारतीयों की मौत हो गई। इसके अलावा 50 से अधिक भरिए जख्मी है। अधिकारियों ने अंदेशा जताया है कि आग लगने का कारण नियमों का उल्लंघन है। स्थानीय मीडिया के अनुसार गृह मंत्री शेख फहाद अल–यूसुफ अल–सबा ने घटना स्थल के दौरे के दौरान मृतकों की संख्या की पुष्टि की और इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। खबरों में कहा गया है कि दक्षिण मंगाफ जिले में स्थित इस इमारत में अनेक मजदूर रह रहे थे, जिनमें से अधिकांश भारत से थे। कुवैत में भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर कुवैत में भारतीय कामगारों के साथ हुई दुखद घटना के संबंध में, दूतावास ने एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। .965–65505246 इसके साथ ही दूतावास ने सभी संबंधित लोगों से अपडेट के लिए इस हेल्पलाइन से जुड़ने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि दूतावास हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आग पहली मंजिल पर लगी, लपटें तेज हो रही थीं और फैलती जा रही थीं तभी फंसे, घबराए लोग चीखते चिल्लाते बाहर निकलने की कोशिश में जुट गए। इस कोशिश में कई लोग निकलने में कामयाब हो गए, लेकिन इस दुखद हादसे ने कम से कम 49 लोगों की जान ले ली, जिसमें एक बड़ी तादाद भारतीयों की है। 50 से ज्यादा लोग जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें अनेक को चोटें आईं और आग में मामूली या गंभीर रूप से झुलस भी गए हैं। इस हादसे के लिए कुवैत की सरकार ने रियल एस्टेट ऑनर को जिम्मेदार ठहराया है। पीएम मोदी ने जताया दुख : कुवैत में स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों के लिए इमरजेंसी नंबर भी जारी किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, श्कुवैत शहर में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और प्रभावित लोगों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। कुवैत में हुए हादसे पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान भी सामने आया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए उन्होंने कहा, ष्कुवैत में हुए हादसे से स्तब्ध हूं। वहां करीब 40 लोगों की मौत हुई है। हम डीटेल्स सामने आने का इंतजार कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।ष भारतीय राजदूत आदर्श स्वाइका ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है। कुवैत में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर फारस की खाड़ी के दूसरे देशों की तरह कुवैत में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर काम करते हैं, जिनकी संख्या स्थानीय आबादी से कहीं ज्यादा है। कुवैत में 2022 में एक तेल शोधन कारखाने में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई थी।

## यूपी के लाखों कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी!

### कैबिनेट ने नई स्थानांतरण नीति 2024-25 को मंजूरी दी



लखनऊ 12 जून (एजेंसी) उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए 2024–25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दे दी। यह निर्णय आज यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। दरअसल, कैबिनेट बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें से 41 को मंजूरी दे दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट बैठक के दौरान स्वीकृत प्रस्तावों की जानकारी देते हुए घोषणा की कि कैबिनेट ने 2024–25 के लिए स्थानांतरण नीति का समर्थन किया है। यह नीति पिछले वर्ष की नीति के प्रावधानों के अनुरूप है।नई स्थानांतरण नीति 2024–25 नई नीति के मुताबिक मंडल में सात साल और जिले में तीन साल सेवा देने वाले ग्रुप ए और बी के अधिकारियों का तबादला किया जाएगा। नीति में कहा गया है कि समूह ए और बी में 20 प्रतिशत तक अधिकारियों और समूह सी और डी में 10 प्रतिशत तक कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा सकता है।समूह सी और डी के लिए, नीति सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले अधिकारियों को पहले स्थानांतरित करने को प्राथमिकता देती है। ग्रुप सी और डी के 10 फीसदी से ज्यादा कर्मचारियों का ट्रांसफर करना जरूरी होने पर मंत्रालय की मंजूरी जरूरी होगी। इसी तरह ग्रुप ए और बी के 20 फीसदी से अधिक अधिकारियों के तबादले के लिए मुख्यमंत्री की मंजूरी जरूरी होगी।उन्होंने कहा कि समूह सी और डी के स्थानांतरण पूरी तरह से मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से प्रबंधित किए जाएंगे। यह प्रणाली स्थानांतरण के बाद कार्यभार सौंपने और लेने की ऑनलाइन व्यवस्था की सुविधा प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, यह सेवा पुस्तिकाओं और अधिकारियों के वेतन के डिजिटलीकरण की अनुमति देता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि, 34 जिलों के आठ आकांक्षी जिलों और 100 आकांक्षी विकास खंडों के लिए मौजूदा प्रणाली के तहत, इन क्षेत्रों में रिक्त पदों को भरना सर्वोच्च प्राथमिकता है।उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विद्यार्थियों के हित में उच्च शिक्षा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकारी विश्वविद्यालयों के साथ–साथ निजी विश्वविद्यालयों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।इसी क्रम में दो नए निजी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र देने का प्रस्ताव पारित किया गया है. इनमें से एक है एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरी है फ्यूचर यूनिवर्सिटी, बरेली। उन्होंने कहा कि दोनों ने अपने सभी मानक पूरे किये हैं।

## येदियुरप्पा को पाक्सो केस में सीआईडी का नोटिस

एजेंसी/कर्नाटक पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा) मामले में पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इस साल की शुरुआत में दायर मामले में आरोप लगाया गया है कि येदियुरप्पा ने एक नाबालिग का यौन उत्पीड़न किया। शिकायत लड़की की मां ने दर्ज कराई थी, जिन्होंने दावा किया था कि घटना 2 फरवरी को हुई थी जब वे धोखाधड़ी के एक मामले में सहायता मांगने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता के पास गए थे। येदियुरप्पा पर यौन उत्पीड़न के लिए पोक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (ए) के तहत आरोप लगाया गया है।बीएस येदियुरप्पा ने अपने खिलाफ पॉक्सो मामले को रद्द करने की मांग करते हुए कर्नाटक होई कोर्ट में एक याचिका दायर की। येदियुरप्पा ने अपने वकीलों के माध्यम से दिल्ली में अपनी वर्तमान उपस्थिति का हवाला देते हुए सीआईडी के सामने पेश होने के लिए एक सप्ताह की मोहलत देने का अनुरोध किया है।

## शिवराज सिंह चौहान के विरोध में उतरा संयुक्तकिसान मोर्चा, मंदसौर में छह किसानों की हत्या के लिए ठहराया जिम्मेदार



नई दिल्ली 12 जून (एजेंसी)संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने बुधवार को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय शिवराज सिंह चौहान को आवंटित करने के एनडीए सरकार के फैसले का विरोध किया और जून 2017 में मध्य प्रदेश के मंदसौर में छह किसानों की हत्या के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। एक बयान में एसकेएम ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग द्वारा दिए गए सी2 प्लस 50 प्रतिशत फॉर्मूले पर एमएसपी, व्यापक ऋण माफी और किसानों की आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ बड़े पैमाने पर संघर्ष में भाग लेने के दौरान किसानों की हत्या की गई।

एसकेएम ने यह भी घोषणा की कि उसकी आम सभा की बैठक 10 जुलाई को दिल्ली में होगी जिसमें पूरे भारत से घटक किसान संगठनों के नेता शामिल होंगे। एसकेएम ने कहा कि यह निर्णय 2014 और 2019 के पूर्व शासनकाल में भाजपा के पूर्ण बहुमत के साथ प्रदर्शित अहंकार और असंवेदनशीलता का प्रतीक है। इससे देश भर के किसानों और ग्रामीण लोगों में गुस्सा पैदा हुआ है। जून 2017 में मध्य प्रदेश के मंदसौर में किसानों के एक समूह पर पुलिसकर्मियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों द्वारा की गई गोलीबारी में छह किसानों की मौत हो गई थी।एसकेएम, जिसने अब रद्द किए गए कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया, ने कहा कि एनडीए सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में गंभीर कृषि संकट और किसानों की आत्महत्या या एमएसपी पर लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान के लिए कोई निर्णय नहीं लिया। पीएम किसान सम्मान निधि में ध्20,000 करोड़ का बकाया जारी करने के नाम पर जो प्रचार किया जा रहा है, वह एक मौजूदा योजना है जिसमें प्रति किसान परिवार को औसतन ध्500 प्रति माह की राशि अपर्याप्त है।

## जय जगन्नाथ के जयघोष के बीच मोहन चौहान माझी ने ओडिसा सीएम पद की शपथ ली

***हम आपको बता दें कि पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से बीजद की मीना माझी को हराया।***



12 जून (एजेंसी)ओडिशा के राजनीतिक इतिहास में आज तब नया मोड़ आया जब राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली पहली सरकार ने शपथ ग्रहण की। भाजपा के आदिवासी नेता और चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने जब मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तो चारों ओर जय जगन्नाथ का जयघोष होने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई केंद्रीय तथा राज्य स्तरीय वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में मोहन चरण माझी ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। हम आपको बता दें कि हाल में संपन्न राज्य विधानसभा चुनावों में स्पष्ट जनादेश के साथ भाजपा सत्ता में आई है। इसी के साथ ही नवीन पटनायक का 24 साल का शासन समाप्त हो गया है। माझी के साथ ही के.वी. सिंह देव और प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके अलावा सुरेश पुजारी, रबीनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, डॉ. मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्र ने मंत्री पद की शपथ ली।हम आपको बता दें कि पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से बीजद की मीना माझी को हराया। कांग्रेस के हेमानंद बिस्वाल और गिरिधर गमांग के बाद माझी ओडिशा के तीसरे आदिवासी मुख्यमंत्री हैं। आदिवासी नेता माझी ने लगभग तीन दशक पहले एक गांव के सरपंच के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। वह आदिवासी बहुल और खनिजों के मामले में समृद्ध क्योंझर जिले के रायकला गांव से हैं। एक चौकीदार के बेटे माझी 2000 में पहली बार विधानसभा के लिए चुने गए थे।

देखा जाये तो भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का चयन क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने की पार्टी की रणनीति का संकेत देता है। माझी उत्तरी ओडिशा के क्योंझर से आते हैं, जबकि केवी सिंह देव राज्य के पश्चिमी और प्रभाती परिदा तटीय क्षेत्रों से आते हैं। केवी सिंह देव पटनागढ़ (अब बोलनगीर) के पूर्व शाही परिवार के मुखिया हैं, जबकि प्रभाती परिदा एक वकील हैं। वह राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री हैं।

## NSG के नाम पर बनाया फर्जी बैंक खाता, 1.66 करोड़ों का जुर्माना

12 जून (एजेंसी)एक्सिस बैंक पर 1.66 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। ये जुर्माना वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने लगाया है। इस जुर्माने को लगाने के पीछे कारण भी काफी महत्वपूर्ण बताया गया है। फर्जी और "धोखाधड़ी" वाला खाता खोलकर संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में विफल रहने के आरोप में ये जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि आतंकवाद रोधी कमांडो बल एनएसजी के नाम पर एक "धोखाधड़ी" वाला खाता खोला गया था। इसके जरिए संदिग्ध लेनदेन किया जा रहा था जिसका पता बैंक नहीं कर सका।

## मोदी-बीजेपी से खटास के बीच संघ प्रमुख का गोरखपुर में प्रवास

***गोरखपुर में आयोजित आरएसएस विकास का वर्ग कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कानपुर, गोरक्ष प्रांत, अवध और काशी प्रांत के कार्यकर्ता शामिल हुए, लगभग 280 लोग प्रतिभाग कर रहे हैं। सभी प्रतिभागियों का पूरी तरह से यहां ही प्रवास रहेगा।***



लखनऊ 12 जून (एजेंसी) एक तरफ जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और मोदी सरकार के बीच दूरियां नजर आ रही हैं वहीं उसी समय सरसंघचालक मोहन भागवत 12 जून को पांच दिवसीय यात्रा पर गोरखपुर पहुंच गये हैं। भागवत यहां संघ के चल रहे कार्यकर्ता विकास वर्ग में वह स्वयंसेवकों को विकास की टिप्स देने का कार्य करेंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान मोहन भागवत लोकसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में मिली करारी हार को लेकर भी मंथन कर सकते हैं। हालांकि, अभी ऐसा कोई कार्यक्रम तय नहीं है भागवत 16 जून तक यहां वास करेंगे और कार्यकर्ता विकास कार्यक्रम के अलावा, गोरखपुर के किसी अन्य कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे। 17 जून की सुबह को वह गोरखपुर से रवाना हो जाएंगे। 13 जून दिन गुरुवार को उनका विकास वर्ग में स्वयंसेवकों के बीच संबोधन होगा। संघ के प्रचार अभियान से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोहन भागवत कार्यकर्ता विकास वर्ग में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में आयोजित हो रहे स्वयंसेवक कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं। यह संघ के ऐसे कार्यकर्ताओं का विकास वर्ग है जिनके ऊपर संघ का कोई दायित्व है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी संघ प्रमुख से मुलाकात कर सकते हैं।गोरखपुर में आयोजित आरएसएस विकास का वर्ग कार्यक्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कानपुर, गोरक्ष प्रांत, अवध और काशी प्रांत के कार्यकर्ता शामिल हैं जिसमें करीब 280 लोग प्रतिभागी कर रहे हैं। सभी प्रतिभागियों का पूरी तरह से यहां ही प्रवास रहेगा। इस दौरान यह किसी से संपर्क में नहीं आ

## पेमा खांडू फिर से बनेंगे अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

### भाजपा विधायक दल की बैठक में चुने गए नेता



नई दिल्ली 12 जून (एजेंसी)राज्य में भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में फिर से चुने जाने के बाद पेमा खांडू अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में एक और कार्यकाल के लिए तैयार हैं। खांडू सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल केटी परनायक से मिलेंगे। खांडू अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ गुरुवार सुबह शपथ लेंगे, जो राज्य में उनके नेतृत्व की निरंतरता को दर्शाता है। अरुणाचल प्रदेश में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और तरुण चुघ को पर्यवेक्षक के रूप में भेजा गया था।अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीटें जीतकर भारी जीत हासिल की। राज्य में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में नेशनल पीपुल्स पार्टी ने पांच सीटें जीतीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने तीन सीटें जीतीं, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो सीटें जीतीं, एक कांग्रेस ने और तीन सीटें निर्दलीय ने जीतीं। संगीत के शौकीन पेमा खांडू पिछले कुछ वर्षों में अरुणाचल प्रदेश में एक बड़े नेता के रूप में उभरे हैं, विशेषकर 2016 में पैदा हुए उस संवैधानिक संकट के बाद जिसके कारण राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा था। खांडू कुशल चुनावी रणनीतिकार के रूप में अपनी छवि बनाने में भी सफल रहे हैं। भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। खांडू की राजनीतिक यात्रा एक व्यक्तिगत त्रासदी के बीच शुरू हुई। उनके पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दोर्जी खांडू का 2011 में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया था। पेमा खांडू वर्ष 2000 में कांग्रेस में शामिल हुए और विभिन्न पदों पर रहे। वह जून 2011 में अपने पिता के निर्वाचन क्षेत्र मुक्तो से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में विधानसभा उपचुनाव में निर्विरोध चुने गए। पेमा खांडू मुख्यमंत्री नबाम तुकी की सरकार में जल संसाधन विकास और पर्यटन मंत्री बने थे। जनवरी 2016 में उस संवैधानिक संकट के बाद उनके नेतृत्व का दायरा तेजी से बढ़ा था, जब राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। जब केंद्र का शासन हटा तो वह भाजपा समर्थित कलिखो पुल के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री बने।

## कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा की बढ़ी मुश्किलें, सीआईडी ने जारी किया नोटिस

कर्नाटक 12 जून (एजेंसी) कर्नाटक पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा) मामले में पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इस साल की शुरुआत में दायर मामले में आरोप लगाया गया है कि येदियुरप्पा ने एक नाबालिग का यौन उत्पीड़न किया। शिकायत लड़की की मां ने दर्ज कराई थी, जिन्होंने दावा किया था कि घटना 2 फरवरी को हुई थी जब वे धोखाधड़ी के एक मामले में सहायता मांगने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता के पास गए थे।येदियुरप्पा पर यौन उत्पीड़न के लिए पोक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (ए) के तहत आरोप लगाया गया है। येदियुरप्पा ने अपने वकीलों के माध्यम से दिल्ली में अपनी वर्तमान उपस्थिति का हवाला देते हुए सीआईडी ध्के सामने पेश होने के लिए एक सप्ताह की मोहलत देने का अनुरोध किया है। पूछताछ के लिए यह उनकी चौथी उपस्थिति होगी, क्योंकि जांच टीम उनसे पहले ही तीन बार पूछताछ कर चुकी है।मामला मूल रूप से सदाशिवनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में आगे की जांच के लिए सीआईडी ध्को स्थानांतरित कर दिया गया। येदियुरप्पा ने आरोपों से इनकार करते हुए उन्हें श्निराधारश बताया है।

# इंडिया गठबंधन को मिला प्रदेश की जनता का असीम प्रेम और जनसमर्थन-अजय राय

## युवाओं का भविष्य अंधकारमय भाजपा सरकार में- अजय राय

## धन्यवाद यात्रा निकालकर व्यक्तकरेंगे जनता का आभार- अजय राय

लखनऊ, 12 जून 2024 आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व



मंत्री श्री अजय राय जी ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। प्रेसवार्ता को उ0प्र0 कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता श्रीमती आराधना मिश्रा मोना जी ने भी सम्बोधित किया इस दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत एवं डॉ0 सुधा मिश्रा भी मौजूद रही। प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय जी ने उपस्थित सभी पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश की चर्चा हो रही है। हमारे नेता आदरणीय श्री राहुल गांधी जी हर जगह उ0प्र0 की चर्चा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मोदी जी और पूरे एन0डी0ए0 को पूरा भरोसा था और मोदी जी तथा भाजपा के नेता कहते थे कि 400 पार 80 में 80 उस दावे की प्रदेश की जनता ने हवा निकाल दी। ये कहते थे कि इस बार बनारस 10 लाख पर, बाबा काशी विश्वनाथ की नगरी की जनता ने उस दावे की भी हवा निकाल दी। इस प्रदेश की जनता का असीम प्रेम और जनसमर्थन इंडिया गठबंधन को मिला है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इस प्रदेश एवं देश को बनाने का काम कर रहे हैं। मैं वाराणसी से चुनाव लड़ा और आप सभी का भरपूर सहयोग मिला। श्री राय ने कहा कि नौजवानों में हाहाकार मचा हुआ है। अभी हाल ही में आये नीट परीक्षा के परिणामों पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों में घोर निराशा छा गई है। अब तक पेपर लीक, परीक्षाओं पर सवाल प्रदेश में उठते थे, अब ये बीमारी केन्द्र तक पहुंच गई है। भाजपा सरकार में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है, बहुत सारे बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो गये हैं। श्री राय ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश श्री अविनाश पाण्डेय जी के निर्देश पर पूरे प्रदेश की सभी विधानसभाओं में दिनांक 11 जून 2024 से 15 जून 2024 तक कांग्रेस पार्टी धन्यवाद यात्रा निकालकर वहां की जनता का आभार व्यक्त करेगी। इस धन्यवाद यात्रा में पार्टी ने पत्र लिखकर इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को आमंत्रित किया है। श्री राय ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ जनमुद्दों को उठाकर सरकार को घेरने का काम करेगा। चंद पूंजीपतियों के हाथों में खेल रही है मोदी सरकार को जनता के हित में कार्य करने के लिए संघर्ष कर बाध्य करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि महंगाई एक बार फिर जनता को परेशान कर रही है। अरहर दाल का मूल्य 200 पार हो गया है, आटा भी महंगा हो गया है। कहा जा रहा है कि अब गेहूं भी बाहर से आयात करना पड़ेगा, एक बार फिर अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने की कवायद शुरू हो गई है। श्री अजय राय ने कहा कि उ0प्र0 में कई लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को चुनाव भाजपाई सत्ता के इशारे पर हराया गया जिसकी जांच होनी चाहिए।

# इंडिया गठबंधन की सफलता में अल्पसंख्यकों की सबसे बड़ी भूमिका: शाहनवाज आलम

## हर जिले में 20 युवा नेतृत्व विकसित करने का अभियान चलायेगा अल्पसंख्यक कांग्रेस

लखनऊ, 12 जून 2024. लोकसभा चुनाव में भले जीत एनडीए की हुई हो लेकिन राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी को देश ने नेता माना है. इंडिया गठबंधन को मिली सफलता में अल्पसंख्यक समुदाय खासकर मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा रोल है जिसे अल्पसंख्यक कांग्रेस ने अंजाम दिया. ये बातें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा आयोजित आभार और चुनाव समीक्षा बैठक में कहीं. बैठक को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग के साथ दलित, पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों ने राहुल और प्रियंका गाँधी के सामाजिक न्याय, सीएए– एनआरसी विरोधी स्टैंड, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने के लिए किये गए वादों से प्रभावित होकर वोट दिया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन तबकों के सवालों पर लगातार संघर्ष करती




रहेगी. शाहनवाज आलम ने कहा कि सीएसडीएस के आंकड़ों से यह साबित हुआ है कि पूरे देश में मुसलमान, दलित और पिछड़े कांग्रेस के मुख्य बेस वोटर रहे. वहीं कथित ऊँची जातियों का 70 प्रतिशत वोट भाजपा को गया. इस सवर्ण वोट बैंक को कांग्रेस से जोड़ने के लिए भविष्य में अल्पसंख्यक कांग्रेस विशेष अभियान चलायेगा जैसा पिछले दो सालों से दलित समाज के बीच उसने चलाया है. बैठक में सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पास किया गया कि राहुल गाँधी के विचारों और रायपुर अधिवेशन में पास प्रस्तावों के अनुरूप पार्टी की हर कमेटी में आबादी के अनुपात में हर वर्ग को भागीदारी दी जाए. वहीं जुलाई में हर जिले में 30 साल से कम उम्र के 20 नेताओं को विकसित करने का अभियान चलाया जाएगा. बैठक में अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रिय संयोजक शमीम खान, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष वसी अहमद रिजवी, मोहम्मद अहमद, खालिद मोहम्मद, अख्तर मलिक, मसूद अहमद, हुमायूं बेग, अखलाक अहमद, शाहनवाज खान, अनवर अनीस, मिसबाहुल हक, तुफ़ैल खान, महासचिव सोनू पठान, अनीस अख्तर मोदी, सलमान कघदिर, नासिर चौधरी, अशरफ अंसारी, सलमान जिया, अनीस रजा खान, मोहम्मद उमैर, हकीम जफर महमूद, शमशेर अली, अरशद अली, डॉ यासमीन राव, जियाउद्दीन अंसारी, यहिया खान, आमिर कद्दुरैशी, दिलशाद वारसी, डॉ मारूफ, नदीम अंसारी, आरिश सिद्दीकघे आदि मौजूद रहे.

# कुर्बानी, हज व उमरा और अन्य समस्याओं से सम्बंधित सवालात हेल्पलाईन नम्बर

लखनऊ, 12 जून। दारूल उलूम निजामिया फरंगी महल के अर्न्तगत हर साल की तरह इस साल भी ईद–उल–अज़हा हेल्प लाइन की शुरूआत की गयी है। इस हेल्प लाइन से लोग फोन और वेब साइट के जरिए 8 जून 2024 से 19 जून 2024 तक दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक कुर्बानी हज व उमरा और अन्य समस्याओं से सम्बंधित सवालात मालूम कर सकते हैं। जिनके जवाबात इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली नाजिजम दारूल उलूम निजामिया फरंगी महल की अध्यक्षता में उलमाक्राम का एक पैनल देता है। लोग अपने सवालात इन नम्बरों 9335929670, 7007705774, 9415102947, 9140427677 और वेब साइट ूर्णतिंदहपउींसण्पद पर मालूम कर सकते है। आज पूछे गए सवालों में से कुछ निम्नलिखित हैं :

सवाल : 1 क्या घर में मौजूद पीतल और तॉबे के बर्तन की वजह से कुर्बानी वाजिब होगी?

जवाब : 1 अगर इन बर्तनों की कीमत निसाब के बराबर हो तो कुर्बानी वाजिब होगी।

सवाल : 2 क्या कुर्बानी के जानवर में अकीका हो सकता है?

जवाब : 2 कुर्बानी के जानवर में अकीका हो सकता है।

सवाल : 3 क्या बच्चों पर भी कुर्बानी वाजिब है?

जवाब : 3 बच्चों पर कुर्बानी वाजिब नही है।

सवाल : 4 क्या घर के हर व्यक्ति पर कुर्बानी वाजिब है?

जवाब : 4 घर के लोगों में से जो लोग भी आकिल, बालिग़ और साहिबे निसाब होगा, उस पर कुर्बानी वाजिब होगी।

सवाल : 5 कुछ लोग जानवर पर छुरी फेर कर हट जाते हैं और फिर कसाई जबह मुकम्मल करता है, क्या यह सही है?

जवाब : 5 ऐसी सूरत जरूरी है कि छुरी फेरने वाला और कसाई दोनों बिस्मिल्लाह पढ़ें, तब कुर्बानी सही होगी।

# मेजबान लखनऊ सहित 17 जिलों के खिलाड़ी अपने बाजुओं का दम-खम दिखाने को तैयार

## 15वीं उत्तर प्रदेश राज्य पंजा कुश्ती चौंपियनशिप के मुकाबले 14 से 16 जून तक खेले जाएंगे

लखनऊ, 12 जून 2024। मेजबान लखनऊ सहित 17 जिलों के खिलाड़ी लखनऊ में आगामी 14 से 16 जून 2024 तक होने वाली 15वीं उत्तर प्रदेश राज्य पंजा कुश्ती चौंपियनशिप में अपने बाजुओं का दम–खम दिखाकर खिताब पर दांव लगाने उतरेंगे। उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन व जिला पंजा कुश्ती एसोसिएशन लखनऊ द्वारा आयोजित चौंपियनशिप के मुकाबले चौक स्थित जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय युवा केंद्र में खेले जाएंगे।चौंपियनशिप के बारे में जानकारी देते हुए आयोजन सचिव एके सक्सेना (महासचिव, उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन) ने बताया कि इस चौंपियनशिप का उद्घाटन 14 जून को मुख्य अतिथि तरुण गाबा (आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ रेंज) के करकमलों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस चौंपियनशिप में लखनऊ सहित सहारनपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल, रामपुर, अलीगढ़, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, कानपुर, प्रयागराज, आजमगढ़, बलिया, हाथरस, हरदोई व खीरी जिले की टीमों से 400 खिलाड़ी पुरुष व महिला दोनों वर्गो में प्रतिभाग करेंगे। जिला पंजा कुश्ती एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव व सचिव मुकेश बहादुर ने बताया कि चौंपियनशिप में सब जूनियर, जूनियर, यूथ, सीनियर, मास्टर, ग्रैंड मास्टर व दिव्यांगजन की श्रेणियां मिलाकर कुल 170 वर्गो में मुकाबले खेले जाएंगे। इस चौंपियनशिप का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह 16 जून को आयोजित होगा।

# एसडीएस क्रिकेट अकादमी की जीत में रियांश ने झटके 4 विकेट

## अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता

लखनऊ, 12 जून। रियांश सिंह (4 विकेट) की गेंदबाजी से एसडीएस क्रिकेट अकादमी ने अभ्युदय यूथ



प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के बुधवार को खेले गए मुकाबले में डिवाइन क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से हराया। सीएसएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर खेले गए मैच में डिवाइन क्रिकेट अकादमी की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.4 ओवर में 124 रन पर सिमट गयी। विकास पाण्डेय ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उसके बाद अंशुमान (19), करन सैनी (18) व रघुवीर यादव (12) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। एसडीएस क्रिकेट अकादमी से रियांश सिंह ने 4.4 ओवर में 1 मेडन के साथ 18 रन देकर 4 विकेट की सफलता हासिल की। शिवांश वर्मा को 2 जबकि रहबर खान, प्रज्जवल यादव व क्षितिज को 1–1 विकेट की सफलता मिली। जवाब में एसडीएस क्रिकेट अकादमी ने 20.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर जीत के लिए 128 रन बना लिए। जीत में प्रतीक मौर्या ने 32, आनंद यादव ने 22, प्रज्जवल यादव ने 19, क्षितिज ने नाबाद 19 व सुरेंद्र सिंह ने 12 रन का योगदान किया। डिवाइन क्रिकेट अकादमी से अंकुर रावत व शिव प्रताप सिंह को 2–2 विकेट की सफलता मिली। मैन ऑफ द मैच एसडीएस क्रिकेट अकादमी के रियांश सिंह चुने गए।

# एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस की आराध्या वर्मा व माही गुप्ता उत्तर प्रदेश फेंसिंग टीम में

लखनऊ, 12 जून 2024। एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस फेंसिंग अकादमी की माही गुप्ता व आराध्या वर्मा का चयन आगामी 12वीं मिनी व छठीं चाइल्ड राष्ट्रीय फेसिंग चौंपियनशिप के लिए घोषित उत्तर प्रदेश टीम में कर लिया गया है। गोमतीनगर, विनय खंड–2 स्थित मॉडर्न अकादमी में स्थापित फेंसिंग अकादमी की प्रशिक्षु आराध्या वर्मा इस राष्ट्रीय चौंपियनशिप में फॉयल में चुनौती पेश करेंगी। राज्य चौंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता 10 वर्षीय आराध्या वर्मा राष्ट्रीय खिलाड़ी है। इसी के साथ माही गुप्ता सैबर वर्ग में चुनौती पेश करेंगी। राज्य स्तर की खिलाड़ी माही गुप्ता की ये पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के निदेशक डा.आनन्द किशोर पाण्डेय ने बताया कि 12वीं मिनी व छठीं चाइल्ड राष्ट्रीय फेसिंग चौंपियनशिप कटक (ओडिशा) में 14 से 18 जून तक आयोजित होगी। वहीं फेसिंग अकादमी के एनआईएस कोच कमल राज (पूर्व वरिष्ठ राष्ट्रीय तलवारबाजी खिलाड़ी) को उत्तर प्रदेश टीम का कोच बनाया गया है। उत्तर




प्रदेश टीम में चयनित इन खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के सचिव यूजिन पाल के साथ मॉडर्न ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के निदेशक सुनील तुली ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# लखनऊ मंडलायुक्तने मोती झील जमुना झील का किया निरीक्षण

खनऊ । मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने मोती झील एवं जमुना झील का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता व तहसीलदार सदर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने जमुना झील के निरीक्षण दौरान उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अच्छी पद्धति के अनुसार झीलों के जीर्णोद्धार,सौंदर्यीकरण के कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। झीलों की साफ–सफाई अच्छे से कराया जाए। उन्होंने कहा की झीलों के संपूर्ण एरिया का पैमाइश कराते हुए चिन्हित करें व सीमांकन कराया जाए। अवैध अतिक्रमण मिलने पर तत्काल ध्वस्तीकरण कराया जाए। मंडलायुक्त ने मोती झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झील के बगल बन रहे अटल पार्क के निर्माणधीन कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माणधीन कार्य में मेंनपावर व मशीनों की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए कार्य में तेजी लाया जाए। मंडलायुक्त ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विधानभवन में मनोज पाडे के नाम पर काली पट्टी चिपकाई गई

लखनऊ । विधानभवन में मनोज पांडेय के नाम के आगे लगी मुख्य सचेतक की प्लेट पर काली पट्टी लगा दी गई है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक बने डॉक्टर मनोज पांडेय विधानसभा में बतौर मुख्य सचेतक का कार्यभार निभा रहे थे। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली, उन्हें गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी में शामिल कराया था। हालाँकि भारतीय जनता पार्टी रायबरेली और अमेठी दोनों सीट पर हार गई, सपा नेताओं ने भी मनोज पांडेय को लेकर कई मंच पर बयानबाजी की थी। वहीँ अभी तक मनोज पांडेय की पट्टिका पर काली पट्टी लगाने को लेकर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग दूर तक उठा काला धुआं

लखनऊ । राजधानी की एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगी है। गहरा काला धुआं काफी दूर से देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि राजबधाणी के शहीद पथ के पास स्थित कैम्ब्रिज स्कूल के निकट रोहित हाइट्स बिल्डिंग में भीषण अग्निकांड हुआ है। आग ऊपरी मंजिलों में लगी है। यहाँ दमकल की कई गाड़ियां मौजूद हैं। लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं।

# मां ने डांटा तो बेटी नदी में कूदी,बचाने के लिए कूदा युवक भी डूबा, तलाश में जुटी पुलिस

लखनऊ । राजधानी लखनऊ की गोमती नदी में 11 साल की बच्ची छलांग लगा दी। उसे बचाने के लिए एक युवक नदी में कूदा लेकिन वह भी डूब गया। हालांकि बच्ची को बाहर निकाल लिया गया है। बच्ची का इलाज अस्पताल में चल रहा है। युवक की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा लड़की मां की डांट से परेशान होकर ऐसा कदम उठाई है। बुधवार को मदेयगंज की रहने वाली 11 साल की नाबालिग ने नदी में छलांग लगा दी। बच्ची को ढूंढते हुए बच्ची के परिजन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि बच्ची को मां ने डांट दिया था। जिसके बाद गुस्से में उसने नदी में छलांग लगा दी। बच्ची को छलांग लगाता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया।

# नीट यूजी परीक्षा 2024, सपा ने सीबीआई से जांच कराने की मांग उठाई, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

लखनऊ । समाजवादी छात्र सभा के प्रतिनिधिमण्डलों ने ज्ञापन में कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन नीट–यूजी के परिणाम घोषित कर एनटीए क्या छिपाना चाहती थीं? मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। नीट–यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग–अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थीं। इसमें यह भी स्पष्ट हो गया है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थीं। जिलाधिकारियों के माध्यम से राज्यपाल को भेजे गये ज्ञापन में कहा गया है कि नीट–यूजी की परीक्षा परिणाम के संदर्भ में अभ्यर्थियों के बीच गड़बड़ी का संदेह है, इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी–नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुई हैं, उसके लिए दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ के थाना अर्न्तगत ग्राम सोनपुर में मौलाना फारूक की कुछ दबंग लोगों ने हत्या कर दी थी। इस घटना की जानकारी लेने के लिए सपा का प्रतिनिधिमण्डल ग्राम सोनपुर पहुंचेगा। प्रतापगढ़ जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों में सांसद एसपी सिंह पटेल, पूर्व मंत्री कमाल अख्तर, विधायक नफीस अहमद, डा. आर के वर्मा, राम सिंह पटेल विधायक, मो. शकील नदवी प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, उदयवीर सिंह पूर्व एमएलसी, नागेन्द्र सिंह 'मुन्ना यादव' पूर्व विधायक, गुलशन यादव एवं अब्दुल कादिर जिलानी शामिल हैं।

# यूपी देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाला राज्य

लखनऊ । उत्तर प्रदेश ने भीषण गर्मी में विद्युत की बढ़ी मांग को सकुशल पूरा करते हुए एक बार फिर से पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने का रिकार्ड बनाया है। प्रदेश में जैसे–जैसे तापमान बढ़ रहा है, उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप बढ़ती विद्युत की मांग को पूरा करने में प्रदेश का ऊर्जा विभाग मंत्री एके शर्मा के निर्देशन में नये आयाम स्थापित कर रहा है। विगत दिनों उत्तर प्रदेश ने 29500 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत मांग को पूरा करते हुए देश में कीर्तिमान स्थापित किया था। ग्रिड इंडिया पॉवर सप्लाई रिपोर्ट के मुताबिक 10 जून को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक 28889 मेगावाट विद्युत आपूर्ति कर महाराष्ट्र–गुजरात जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है।ऊर्जा मंत्री के कुशल निर्देशन में ऊर्जा विभाग ने विद्युत मांग की चुनौती को सकुशल पूरा कर विगत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी नये रिकॉर्ड बना रहा है। दो वर्ष पहले तक यह रिकॉर्ड पूरे देश में महाराष्ट्र के नाम था। इस वर्ष 10 जून को जारी रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश ने 28889 मेगावाट, महाराष्ट्र ने 24254 मेगावाट, गुजरात ने 24131 मेगावाट, तमीलनाडु ने 16257 मेगावाट और राजस्थान ने 16781 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत अपूर्ति की मांग को पूरा किया है। उत्तर प्रदेश के विद्युत विभाग ने इस वर्ष भी पीक आवर में पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया है। जो कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में कुशल प्रबंधन एवं बेहतरीन नेतृत्व की बदौलत ही यह सम्भव हो सका है, जिसकी प्रशंसा पूरे देश में हुई है। उत्तर प्रदेश में 28 मई को देश में सर्वाधिक 29282 मेगावाट की पीक डिमांड को पूरा किया था। वहीं महाराष्ट्र में 23 मई को सर्वाधिक पीक डिमांड 27517 मेगावाट थी, जबकि उत्तर प्रदेश में28010 मेगावाट विद्युत की पीक डिमांड थी। पिछले तीन सप्ताह के दौरान प्रदेश में विद्युत की पीक मांग पर दृष्टि डालें तो 23 मई को 28010 मेगावाट, 24 मई को 29147 मेगावाट, 25 मई को 29215 मेगावाट, 26 मई को 29084 मेगावाट, 27 मई को 29261 मेगावाट, 28 मई को 29282 मेगावाट तथा 29 मई को 29077 मेगावाट विद्युत की पीक मांग को सकुशल पूरा किया गया और प्रदेशवासियों को प्रचंड गर्मी में विद्युत संकट का सामना नहीं करना पड़ा, जहां कहीं पर भी अतिभारिता व स्थानीय दोषों के कारण आपूर्ति में व्यवधान हुआ, उसे भी शीघ्र ही ठीक करने का प्रयास किया गया।प्रदेश में बढ़ी हुई विद्युत मांग के अनुपात में ही ऊर्जा विभाग अनवरत विद्युत आपूर्ति कर रहा है। प्रदेश के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों को मिलाकर लगभग 4634 सबस्टेशन उपभोक्ताओं तक विद्युत आपूर्ति करने का कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं। जहां कहीं पर भी विद्युत की मांग बढ़ी है वहां पर नये विद्युत उपकेंद्रों को स्थापित करने, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने तथा विद्युत आपूर्ति की जर्जर व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ऊर्जा विभाग निरंतर युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है।

# हादसों का बुधवार, यूपी के 3 जिलों में 13 लोगों की मौत

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के 3 जिलों में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं, बहराइच में बुधवार तड़के छत पर सो रहे कुछ लोगों पर पड़ोस के मकान की जर्जर दीवार गिर गई, जिसके नीचे दबकर तीन बच्चों की मौत हो गई और दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। रामगांव थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि रामगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगवानपुर माफी गांव में रहने वाले रहीस अपनी पत्नी, बच्चों और 10 वर्षीय भांजे इमरान के साथ मंगलवार रात मकान की छत पर सो रहा था। उन्होंने बताया कि बुधवार तड़के करीब चार बजे पड़ोसी मोहम्मद हुसैन के घर की जर्जर दीवार छत पर सो रहे परिवार के ऊपर गिर गयी और सभी मलबे में दब गए। अधिकारी ने बताया कि गांव वालों की मदद से सभी को मलबे से बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रहीस के पुत्र गुफरान (पांच), पुत्री मिसबा (तीन) और भांजे इमरान (10) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल रहीस (35) व उनकी पत्नी शरीफुन निशा (30) का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं, आज हरदोई जिले में हाईवे के किनारे झोपड़ी में रह रहे परिवार पर बालू लदा ट्रक पलट गया। इस हादसे में 4 मासूमों सहित 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद से पूरे इलाके में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, घटना मल्लावां कस्बे में चुंगी संख्या 02 की है, जहां पर पर बल्ला कंजड़ अपने परिवार के साथ झोपड़ी डालकर रहता था। मंगलवार की रात रोजाना की तरह परिवार सड़क के किनारे सो रहा था। इसी बीच बुधवार को तड़के मेंहदीघाट कन्नौज की तरफ से हरदोई जा रहा बालू लदा ट्रक झोपड़ी के ऊपर पलट गया। परिवार पर बालू लदा ट्रक पलटने से पूरा परिवार उसके नीचे दब गया।

## तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला

लखनऊ । त्तर प्रदेश शासन ने आज तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। 2015 बैच के आईएएस अधिकारी धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्यकर बनाया गया है। वे अभी तक विशेष सचिव नियुक्ति के पद पर तैनात रहे हैं। वहीं 2018 बैच के आईएएस अफसर विजय कुमार अब विशेष सचिव नियुक्ति होंगे।वे अभी तक विशेष सचिव खनन एवं अतिरिक्त प्रभार नियुक्ति का दायित्व निभा रहे थे। इसके अलावा डॉक्टर मन्नान अख्तर स्ट्डी लीव पूरी कर अमेरिका से लौटे।डॉक्टर मन्नान अखतर को विशेष सचिव खनन नियुक्त किया गया है।

## सक्षिप्त खबरें.......

### रिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर किया हंगामा

बस्ती,। जनपदके निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान मंगलवार को एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मौके पर मौजूद परिजन अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे और अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास करती रही, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। डॉक्टर के उनके मरीज को बेहोशी का इंजेक्शन लगाया गया। दवा का ओवर डोज दिए जाने से जान चली गई। सोहना थाना क्षेत्र के फेरसम गांव निवासी वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि उनके पिता रवीन्द्रनाथ त्रिपाठी 9 जून की रात्रि बस्ती से घर आ रहे थे। रास्ते में सलटउवा पहुंचने पर अनियंत्रित हो कर बाइक से गिए गए और उससे उनके बाएं पैर के घुटने पर चोट लग गई। इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल बस्ती लाया गया, लेकिन संतोषजनक इलाज न होने की दशा में 10 जून को सूर्या हॉस्पिटल लेकर गया। जहां बताया गया कि मरीज का ऑपरेशन करना पड़ेगास मंगलवार को ऑपरेशन के लिए पिता को अस्पताल ले गए। मामले की जानकारी होने पर सीएमओ रामशंकर दूबे अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने परिजनों को समझाया बुझाया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद वे मान गए। सीएमओ ने कहा कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति का ऑपरेशन हो रहा था। इसी दौरान ऑपरेशन के बाद इनको कार्डियक अरेस्ट हो गया। ये अस्पताल के लिए बड़ी बात है और मरीज के अटेंडेंट के लिए दर्दनाक है। पोस्टमॉर्टम करवाने पर मौत का कारण पता चलेगा।

### बाढ़ प्रभावित 105 गांव पर अधिकारी रखेंगे नजर, एक सप्ताह में व्यवस्था पूरी करें : डीएम

बस्ती,। जिलाधिकारी अंद्रा वामसी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले 105 गांव पर अधिकारी नजर रखेंगे। बैराज से छोड़ जाने वाले पानी के समय सतर्क निगाह रखें। बाढ़ प्रभावित गांव के अवर अभियन्ता, बाढ़ सुरक्षा समितियां, बाढ़ नियंत्रण कक्ष, बाढ़ चौकी से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ उप जिलाधिकारी सदर, हर्रैया एवं अधिशासी अभियन्ता बाढ़ को एक सप्ताह के भीतर बैठक करके व्यवस्था पूरी करने की निर्देश दिया।

बैठक में डीएम ने कहा कि बाढ़ क्षेत्र से प्रभावित होने वाले सेल्टर होम को अलग शिफ्ट किया जाए और राशन की व्यवस्था कर ली जाए। इसके साथ ही गांव में नाव व गोताखोर की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। अधिशासी अभियन्ता बाढ़ दिनेश कुमार ने बताया कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 05542–205228 एवं मोबाइल नं0–9473657098 है। जो 15 जून से बाढ़ अवधि तक सक्रिय रहेगा।बैठक में उप जिलाधिकारी सदर शत्रुघ्न पाठक, हर्रैया विनोद पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता बाढ़ दिनेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी भानु भाष्कर, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. राजेश कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मंदिर के बगल शराब ठेका विवाद की जांच करने पहुंचे एसडीएम

**-अराजक तत्वों पर अंकुश के लिए लगेगा सीसीटीवी कैमरा**
**-शराब की दुकानों का किया औचक निरीक्षण**



मिल्कीपुर–अयोध्या।थाना इनायतनगर के खिहारन गांव स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल अंधीअंधा श्रवण आश्रम के बगल मौजूद शराब ठेका को हटवाने के विवाद का निस्तारण करने एसडीएम मिल्कीपुर मौके पर पहुंचे।एसडीएम राजीव रतन सिंह ने मंदिर और शराब के ठेके के बीच की दूरी लेखपाल से नाप करवाई।महंत के शिकायत पर अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए मंदिर के सामने चार सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया तथा प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर संदीप कुमार सिंह को मंदिर के पास पुलिस बल की गश्त व तैनाती के लिए निर्देश दिया।बताते चलें कि 2 माह पहले मंदिर के बगल मौजूद सरकारी ठेका को हटवाने के लिए आश्रम के महंत स्वामी कृष्णाचार्य जी महाराज ने दो अप्रैल को बारुन–तरमा संपर्क मार्ग को जाम कर धरना प्रदर्शन किया था। सड़क जाम की सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर संदीप कुमार सिंह ने विवाद के निपटारे का आश्वासन देते हुए एसडीएम मिल्कीपुर से महंत की फोन वार्ता कराकर धरना समाप्त कराया था।लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद मंगलवार को दलबल के साथ मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने विवाद के निपटारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

वहीं दूसरी ओर आश्रम के महंत स्वामी कृष्णाचार्य महाराज तहसील प्रशासन की कार्रवाई से असंतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जाकर करूंगा।महंत ने आरोप लगाया कि मन्दिर परिसर की बाउंड्री वॉल से महज 52 से 60 मीटर की दूरी पर मौजूद शराब की दोनों दुकानें शासनादेश के विपरीत खुली हैं।मंदिर के बगल में शराब की दुकान होने से अराजक तत्वों का जमावड़ा मंदिर परिसर में लगा रहता है जिससे श्रद्धालुओं को भारी असुविधा होती है। इस बाबत आबकारी इंस्पेक्टर विवेक पाठक ने बताया कि लेखपाल की नाप के अनुसार शराब की दुकानें मंदिर गेट से 109 मीटर की दूरी पर हैं जो कि शासनादेश के अनुसार खुली हैं।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने देसी और अंग्रेजी शराब के स्टॉक पंजिका का अवलोकन किया और दुकान में उपलब्ध शराब का मिलान स्टॉक पंजिका से करवाया।एसडीएम ने देशी शराब की दुकान पर स्टॉक पंजिका पर धूल जमी होने पर नाराजगी जताई और साफ सफाई के लिए दुकानदार को निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान आबकारी इंस्पेक्टर विवेक पाठक,प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह,चौकी प्रभारी द्रिवेश त्रिवेदी, लेखपाल जगदंबा यादव,आकर्ष टंडन आदि मौजूद रहे।

## पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर अधिवक्ताओं ने किया नमन

अयोध्या। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी कवि नाटककार लेखक साहित्यकार व इतिहासकार पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की 131 वीं जयंती के अवसर पर शहीद उद्यान जनपद अयोध्या में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण अधिवक्ताओं ने कर नमन किया गया, इस अवसर पर अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि काकोरी कांड के योजनाकार, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की अमर रचना सरफरोशी की तमन्ना को गाकर न जाने कितने क्रांतिकारी फांसी के फंदे पर झूल गए, श्री पांडेय ने यह भी कहा कि पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एवं अन्य क्रांतिकारियों के वंशजों की बुनियादी सुविधाएं, देने के साथ–साथ दयनीय आर्थिक स्थिति की ओर सरकारों को ध्यान देना चाहिए, क्रांतिकारी और बलिदानियों का सम्मान ही राष्ट्र का असली सम्मान है,प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण का नमन करने वाले अधिवक्ताओं के प्रमुख रूप से अधिवक्ता अजय वर्मा, अधिवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह अधिवक्ता राकेश वैघ, अधिवक्ता ओम गुप्ता अधिवक्ता माता प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लड़ाई झगड़े के बीच बीत गया नगर पंचायत खिरौनी का एक वर्ष

**-तीन ईओ बदले फिर भी चेयरमैन का तालमेल नहीं बैठा**




सोहावल–अयोध्या।नगर निगम के विस्तारीकरण में एक वर्ष पहले सृजित और गठित हुई 15 वार्डो वाली नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज के कार्यकाल का एक वर्ष मई में पूरा हो गया लेकिन विकास का पहिया गति नहीं पकड़ पाया। तीन ईओ बदले चेयरमैन का तालमेल नहीं बैठा। तीसरे ईओ सचिन कुमार पटेल से संबंध इतना बिगड़ा कि रौनाही थाना में चेयरमैन प्रतिनिधि सहित कई के विरुद्ध केस दर्ज दर्ज है। सभासद मानते है। एक वर्ष हमने लड़ते झगड़ते गंवा दिया। विकास के नाम पर हम भी ठगे गए हमारी जनता भी ठगी गई नगर पंचायत में शामिल ग्राम पंचायतें न घर की रही न घाट की। लगभग 22 हजार की आबादी वाली इस नगर पंचायत में 6 ग्राम पंचायतों का विलय है। सबसे बड़ी गांव पंचायत खिरौनी, सोहावल, उचितपुर, कटरौली, विशुनपुर सारा, साल्हेपुर निमैचा को मिलाकर बनाए गए 15 वार्ड में चेयर मैन सहित आधे से ज्यादा वार्डो में गैर सत्तारूढ़ दल सपा समर्थकों का कब्जा है।शपथ के बाद पहले ईओ रणविजय सिंह जिन्होंने इतनी खरीददारी कर ली कि चेयरमैन के लिए कुछ छोड़ा ही नहीं । दूसरे ईओ इंद्रप्रताप भी कुछ ज्यादा नहीं कर पाये और चलते बने। तीसरे सचिन पटेल और चेयर मैन रेशमा भारती के प्रतिनिधि पति राम सुमेर भारती के समर्थकों के बीच तालमेल इतना बिगड़ा कि नोकझोक मारपीट की नौबत आ रही है। इसका खामियाजा विकास के रूप में शामिल पंचायतें भुगत रही है। जो अपने को ठगा महसूस कर कहती है। इससे तो अच्छा गांव पंचायत में ही बने रहना था। वार्ड नंबर 15 से सभासद फरीद अहमद कहते हैं कि सारा खेल ठेकेदारों ने बिगाड़ रखा है। ईओ केवल अपने समर्थकों को काम देते हैं। दूसरा पक्ष असहमति देकर हस्ताक्षर नहीं करता। कई करोड़ की योजना कागजों पर धूल चाट रही हैं। सभासद आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि आंगनबाड़ी और पक्का नाला ढक्कनदार का काम दिया जो अभी चल रहा है। लेकिन तालमेल के अभाव में विकास को रफ्तार नहीं मिल पा रही है। बोर्ड की 4 महीने से बैठक तक नहीं हुई कराने को विधायक जी से अनुरोध किया है। वार्ड न 0 4 से सभासद अजय रावत ने कहा कि साल भर लड़ाई झगड़े में जिम्मेदारों ने बिता दिया। कोई एक योजना अब तक धरातल पर नहीं आ पायी।विकास के नाम पर जीरो है सभी ठगा महसूस कर रहे है। वार्ड संख्या 5 के सभासद अंकुर कहते हैं कि एक नाला बन रहा है। हर सभासद ने दर्जनों कार्य का प्रस्ताव दे रखा है। बोर्ड की बैठक तक समय पर नही हो रही। जनता का एक परिवार रजिस्टर नकल तक नही बन पा रही है। वार्ड संख्या 15 से सभासद में रनर रहे दानिश खान ने कहा जीते सभासद और जनता दोनो विकास के नाम पर अपने को ठगा महसूस कर रही है। कमीशन बाजी के चक्कर में सभी एक दूसरे को पछाड़ लगा रहे है। अच्छा होता एक समिति बना दी जाती जो विकास का कार्य देखती। चेयरमैन प्रतिनिधि पति राम सुमेर भारती कहते हैं कि लगभग 5 करोड़ का धन विकास के लिए मिला है। इतने की योजनाओं पर काम चल रहा है। अभी करीब 20 करोड़ की योजनाएं बची है। 5 हाई मास्क लाइट 5 वाटर कूलर करोड़ों की गांव में रोड लाइट, लगायी गयी है। एक एम आर एफ, जिम सेंटर, चार नाला, 42 सड़क के साथ नाली निर्माण आदि पर कुछ काम पूरा हो गया है। कुछ पर काम चल रहा है। हमारी पूरी मशीनरी नई है। ताल मेल का अभाव भले हो लेकिन काम हो रहा है।

## अघोषित बिजली कटौती से तंग हुए उपभोक्ता

मिल्कीपुर–अयोध्या। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में दिनभर बिजली कटौती से लोग तंग आ गए हैं। मंगलवार को पूरा दिन लोगों को बिजली सप्लाई नहीं मिली। 44 डिग्री सेल्सियस के तापमान में लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। लोग अब बिजली वालों से ज्यादा अपने भाग्य को कोस रहे हैं। तमाम उपभोक्ताओं ने बताया कि मिल्कीपुर विधानसभा के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में लगातार बिजली कटौती जारी है। दिन भर बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। जिससे जिन्दगी तबाह हो गई है। बिजली सप्लाई न मिलने से घरों में रखी पानी की टंकी सूख जाती है, मोबाइल स्विच ऑफ हो जाते हैं और सारे इलेक्ट्रिक उपकरण बंद होने से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्राम पाराताजपुर निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि पूरे दिन भर की बिजली कटौती से जिंदगी तबाह हो गई है। बताया कि इस समय धान की बेरन डालने के लिए बिजली सप्लाई की जरूरत है तो जबरदस्ती बिजली सप्लाई बंद कर दी जा रही है। ऐसे में न तो खेती किसानी का काम हो पा रहा है और न ही घर में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को सुकून मिल रहा है। सुल्तानपुर निवासी बुजुर्ग संतराम ने बताया कि लगता है ये बिजली वाले जिंदगी लेकर ही दम लेंगे। इतनी भयंकर गर्मी अब सहन नहीं हो रही है। ऐसे में अब लगता नहीं कि जिंदगी ज्यादा दिन चल पायेगी। वहीं राम प्रताप ने कहा कि जब इलेक्शन होना था तो खूब सप्लाई मिल रही थी। अब इलेक्शन के बाद 44–45 डिग्री सेल्सियस तापमान में दिन भर बिजली सप्लाई बंद रहती है। आखिर जिंदगी कैसे कटेगी। वहीं घुरेहटा के सुरेश कुमार ने कहा कि इतनी गर्मी और तपन पहले कभी नहीं देखी थी। पहली बार लग रहा है कि गर्मी से जिंदगी के लाले पड़ गए हैं। इसी गांव के सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि धान की बेरन डालने के लिए खेत भरना था लेकिन बिजली न मिलने से सब चौपट हो गया है। नहली के पुरवा के रहने वाले विजय तिवारी ने कहा कि इतनी भयंकर गर्मी में बिजली कटौती जानलेवा साबित हो सकती है। कहा कि लगता है कि यहां से विपक्ष का सासंद बन गया है, इसलिए जानबूझकर जानलेवा गर्मी में लोगों को तड़पाया जा रहा है। वहीं डीह पूरे बीरबल के भाजपा नेता पवन तिवारी ने कहा कि बिजली विभाग वाले जान लेने पर तुले हैं। बिजली सप्लाई न मिलने से जिंदगी पूरी तरह तबाह हो गई है। घर में बच्चे और महिलाएं घुट–घुट कर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। बिजली कटौती को लेकर बिजली महकमें के अधिकारियों कर्मचारियों का फोन नहीं रिसीव होता है।

## इछोई गांव में चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

**-1.15 लाख नगदी व 40 लाख कीमत के आभूषण किए पार**

मिल्कीपुर–अयोध्या। थाना खण्डासा क्षेत्र के इछोई गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया जिसमें नीरज शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, अनूप कुमार शुक्ला के घर से करीब 40 लाख के आभूषण और एक लाख 15 हजार रुपए की नगदी समेत कीमती सामान उठा ले गए। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस छानबीन में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्डासा थाना क्षेत्र के ग्राम इछोई पूरे पण्डित गांव निवासी नीरज शुक्ला ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर घर में घुसकर लूट किया। कमरे के भीतर पेटी में रखा हार, अंगूठी, चौन, अंगूठी 25000 रूपए नगद आदि सामान लूटकर ले गए रात 3 बजे घटना की जानकारी हुई। इसके बाद चोरों ने पड़ोस के ओम प्रकाश शुक्ला के घर को निशाना बनाया ओम प्रकाश ने बताया कि रात करीब तीन बजे जगने पर देखा कि कमरों में लगे ताले टूटे पड़े हुए थे। पेटी में रखी सोने का झुमकी, सीकड़, अंगूठी, हार, चौन, जिसकी कीमत लगभग 35 लाख थी। घर के अन्य सामान को भी कर उठा ले गए हैं।इसके अलावा चोरों ने गांव के ही अनूप कुमार शुक्ला के घर को भी निशाना बनाया अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि रात में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरों में लगे तालों को तोड़कर पेटी में रखें 90000 रुपए नगद तथा जेवरात में झुमकी, सीकड़ ,अंगूठी समेत अन्य सामान गायब मिला।

पीड़िता ने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए। चोरी की घटना की जानकारी थानाध्यक्ष खण्डासा को दी। मौके पर पहुंची थाना पलिस ने घटनास्थल का बारीकी से जांच पड़ताल किया जांच में निकाल कर सामने आया कि अज्ञात चोर घरों में बल्ली के सहारे घुसे थे। तीनों पेड़ों ने खण्डासा पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। पीड़ितो का कहना है कि पुलिस चौकी खण्डासा प्रभारी सुधीर त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर आए थे गांव से भी एक लोग को पड़कर पूछताछ के लिए ले गए हैं।

## जेष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर भण्डारे की रही धूम

**-भक्तों ने श्रद्धा भाव से चखा बजरंगबली का प्रसाद**



अयोध्या। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर हनुमान भक्तों के द्वारा जगह–जगह पर भंडारे का आयोजन किया गया और भक्तों ने बड़े श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। शहर के नाका तिराहा स्थित श्री मरी माता मंदिर में जेठ माह के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर माननीय राजेन्द प्रताप सिंह ने भगवान बजरंग बली के चित्र पर माल्यापर्ण कर आरती पूजन किया मंदिर को पुजारी चंचल दास ने रामनामी ओढ़ा कर माला पहना कर स्वागत किया सभी के मंगल कामना हेतु हवन पूजन किया गया। भक्तो में प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर मनोज जायसवाल, उग्रसेन मिश्रा, वेद सिंह कमल, अवधेश तिवारी, रंजन पंडित, रामजी पाण्डेय, निखलेश, अप्पू सन्नी, मास्टर आकाश, विकास , रोहित, शालू, सुमन , मोहन संगतानी आदि शामिल रहे। वहीं प्रवर अधीक्षक डाकघर अयोध्या कार्यालय में ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगल के अवसर पर पोस्टल कालोनी स्थित मन्दिर पर सुन्दर काण्ड का पाठ के साथ विशाल भण्डारा मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव के विधिवत पूजा अर्चना के बाद शुरू हुआ भण्डारा । इस दौरान सहायक अधीक्षक ओमेश्वर सिंह, डाक निरीक्षक राजेश्वर दूबे, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, जयशंकर वर्मा, आदि के साथ हजारों श्रीधालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।इसी तरह थाना क्षेत्र इनायत नगर की प्रमुख बाजारों बारून, चमनगंज,कुचेरा इनायत नगर, मिल्कीपुर ,अस्थना ,कुमारगंज सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पीपल व बरगद के पेड़ के नीचे जगह–जगह हनुमान भक्तों के द्वारा शरबत पिलाया गया तथा भंडारे का आयोजन किया गया । विभिन्न कंपनियों के शीतल पेय पिलाकर किया भक्तों का स्वागत वही इनायत नगर बाजार में स्थित ओम इलेक्ट्रॉनिक्स के तत्वाधान में भक्तों को विभिन्न कंपनियों के शीतल पेय पिलाकर अपने सेवा भाव को प्रदर्शित किया वहीं स्थानीय लोग सेवा भाव के इस नए चलन की चर्चा करते रहे। अस्थना में भंडारा का आयोजन करने वाले संतोष कुमार ने बताया कि यह दिन महावीर बजरंगबली को समर्पित है,ऐसी मान्यताएं हैं ।

## हादसा:एक सप्ताह में दो बच्चे गंगा में समाए

**'विंध्याचल गंगा घाट पर जोखिम भरा हुआ गंगा स्नान**

विंध्याचल, मीरजापुर। विगत एक सप्ताह के दरम्यान एक ही घाट पर दो बच्चे गंगा नदी में स्नान के दौरान पानी में समा गए। गंगा नदी में डूबने की दोनों ही घटनाएं विंध्याचल कोतवाली के समीप स्थित दिवान घाट पर घटी है। संयोग की बात है की दोनों घटनाएं एक ही घाट पर पड़ोसी जनपद भदोही के दर्शनार्थी परिवारों के साथ हुई। पहली घटना भदोही जनपद के सुरियावां गांव से आए नौ साल के बालक शुभम के साथ घटी जो गुरुवार की सुबह लगभग अपने परिवार के साथ स्नान करते समय पानी में समा गया। जिसका शव दूसरे दिन शुक्रवार को ओझला के समीप बरामद हुआ तो वही मंगलवार की सुबह लगभग छह बजे लालानगर गोपीगंज, भदोही से दर्शन के लिए आए श्रद्धालु संजय पाल की पांच वर्षीय पुत्री परिधि पाल गंगा स्नान के दौरान पानी में समा गई। जिसकी तलाश राजकीय आपदा प्रबंधन दल, स्थानीय गोताखोर पुलिस की निगरानी में कर रहे है। समाचार लिखे जाने तक सफलता हाथ नहीं लगी थी। अब सवाल यह है कि नवरात्र के दौरान इसी विंध्यक्षेत्र में पूरा जिला प्रशासन दिन रात दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहता है, पर जैसे ही नवरात्र व्यतीत हो जाता है उन्हीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था से किसी को कोई मतलब नहीं रह जाता है। बांस, बल्लियां उतनी ही लगती है बस उनको कुछ समय के पश्चात थोड़ा व्यवस्थित करने की आवश्यकता होती है। स्थानीय लोगों का कहना है की नवरात्र में मेला बजट कम होने इस पर बहुत ज्यादा जोर नहीं होता है। आम दिनों में धन की व्यवस्था न होने के चलते दर्शनार्थियों को उनकी किस्मत पर छोड़ दिया जाता है। घटना के विषय में एडीएम शिवप्रताप शुक्ला

## हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

बहराइच। हत्या के मामले में मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी की कोर्ट ने दो अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 15–15 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। थाना विशेश्वरगंज के गंगवल बाजार निवासी महिला शालिनी देवी ने तत्कालीन डीएम को जनसुनवाई के दौरान पति की हत्या करने की शिकायत करते हुए मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई थी।

## दो अलग-अलग आगलगी की घटनाओं में लाखों का हुआ नुकसान

मीरजापुर। जिले के दो अलग–अलग स्थानों पर आगलगी की घटनाओं में लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। आग लगने से खुले आसमान के नीचे रहने से लेकर खाने पीने की भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।कोन ब्लॉक के चील्ह चौराहे पर लगी भीषण आग से लाखों का सामान जल कर राख हो गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया है। आग किन परिस्थितियों में कैसे लगी है यह संदिग्ध बना हुआ है। दूसरी ओर विंध्याचल थाना क्षेत्र के कलना गहरवार गांव में आग लग गई, जो देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया था। आग लगने पर जुटे लोगों ने आग बुझाने कि भरसक प्रयास किया लेकिन कोई भी कामयाबी हासिल नहीं हो पाई थी। बाद में सूचना होने पर फायर सर्विस की तीन–चार गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। तब जाकर किसी तरह से आग बुझाई जा रही है। दोनों आगलगी की घटनाओं में काफी नुकसान होना बताया जा रहा है।

## मुम्बई गये युवक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

मीरजापुर। मुम्बई कमाने गए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है जिसका शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। हलिया थाना क्षेत्र के चककोटार गांव निवासी युवक मुम्बई में रहकर जोमैटो कंपनी में डिलेवरी ब्याय का काम करता था। जिसकी बीते सोमवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। मंगलवार को शाम पांच बजे युवक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चककोटार गांव निवासी तुलाधारी का 20 वर्षीय पुत्र अंजनी मौर्य चार माह पूर्व मुंबई कमाने गया था। जहां किराए के मकान में रहकर एक जोमैटो कंपनी में डिलेवरी ब्याय के रूप में कार्य करता था। बीते सोमवार को वह कंपनी के कार्य से सामान डिलेवरी करने बाइक से जा रहा था उसी दौरान ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक परिवारजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एंबुलेंस से युवक का शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक चार भाई बहनों में तीसरे नंबर का था। युवक की मौत से परिजनों का रो–रोकर बुराहाल हो उठा है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला हुई घायल

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के मटिहरा गांव से हलिया बाजार आते समय रास्ते में बाइक पर पीछे बैठी महिला असंतुलित हो कर सड़क पर गिर कर घायल हो गई। जिसे परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार को दोपहर हलिया थाना क्षेत्र के मटिहरा गांव निवासी सोनू की 30 वर्षीय पत्नी बाइक पर पीछे बैठ कर किसी कार्य से हलिया बाजार आ रही थी, कि रास्ते में असंतुलित हो कर सड़क पर गिर कर घायल हो गई। परिजन उसे आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां पर चिकित्सक ने गम्भीर चोट देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि महिला के दाए हाथ व पैर में गम्भीर चोटे आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## अपर आयुक्तडा विश्राम की धर्मपत्नी का हुआ निधन

मीरजापुर। विंध्याचल (मीरजापुर) मंडल के अपर आयुक्त डॉ विश्राम की धर्मपत्नी का सोमवार की रात को निधन हो गया। अचानक उनकी बिगड़ी हालत और सांस लेने में हो रही तकलीफ पर उन्हें आनन–फानन में मंडलीय अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में लाया गया जहां उन्हें बचाया नहीं जा सका। मंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक सोमवार की रात्रि में उन्हें यहां लाया गया था, उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। उपचार का हर संभव प्रयास किया गया, ताकि प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर उपचार के लिए रेफर किया जा सके। लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। आगे की कार्रवाई हो पाती की इसके पहले उन्होंने दम तोड़ दिया। जानकारी होते ही काफी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी मंडलीय अस्पताल पहुंच गए थे। बताते चलें कि विंध्याचल (मिर्जापुर) मंडल के अपर आयुक्त डॉ विश्राम की कार्यकुशलता और उनकी मृदुभाषी शैली, साहित्यिक लगाव वाला स्वरूप सभी को भाता है। जिले में इसके पूर्व वह उपजिलाधिकारी मड़िहान, चुनार इत्यादि पदों पर भी रह चुके हैं। जिनके प्रशासनिक दक्षता भरे कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। जिनकी धर्मपत्नी के अचानक निधन की खबर से जन–मानस में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

# विशेष राज्य के दर्जे का दबाव



Hkkरतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन की राजनीति तो 1996 से ही कर रही है लेकिन गठबंधन के दबाव से 2014 में वह मुक्त हो गयी थी। भाजपा के पास अकेले दम पर बहुमत रहता था लेकिन इस बार (2024 में) भाजपा फिर गठबंधन पर निर्भर हो गयी है। सरकार को यूं तो 38 छोटे–बड़े दल समर्थन दे रहे है लेकिन चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और नीतीश कुमार की जद(यू) के सांसद ही सरकार के लिए ज्यादा महत्व रखते हैं। टीडीपी के 16 सांसद हैं जबकि जद(यू) के 12 सांसद है। भाजपा को सिर्फ 240 सांसद मिल पाये। इसलिए 273 सांसदों के बहुमत में टीडीपी और जद(यू) ही बड़े स्तम्भ हैं। यही दोनों दल मोदी की तीसरी सरकार पर दबाव बना सकते हैं। भाजपा चाहती थी कि देश में सभी चुनाव एक साथ करवाये जाएं। इसके साथ ही समान नागरिक संहिता लागू करने की भी पूरी तैयारी थी लेकिन अब सरकार अकेले दम पर कोई बड़ा फैसला नहीं ले पाएगी। बिहार और आंध्र प्रदेश विशेष राज्य का दर्जा की मांग बहुत पहले से कर रहे हैं। अब इस पर दबाव बनाया जा सकता है।

हालांकि मंत्रियों को विभाग बांटने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसी प्रकार का दबाव महसूस नहीं किया है। गृह, रक्षा और वित्त विभाग भाजपा ने अपने पास ही रखे हैं। टीडीपी और जद(यू) को मंत्रिमंडल में जगह जरूर दी गयी है।

पिछले 10 वर्षों से आंध्र प्रदेश की जिस मांग को केंद्र सरकार बोझ बताकर रिजेक्ट कर रही थी, अब उसी बोझ को उठाकर चलने की मजबूरी सामने दिखाई पड़ रही है। सरकार बनाने और चलाने के लिए झुकना पड़ेगा और अपने स्टैंड से हटना भी पड़ेगा। तेलुगु देशम पार्टी टीडीपी के चीफ चंद्र बाबू नायडू केंद्रीय राजनीति का अहम बिंदु बन गए हैं। उनके पास अपनी पुरानी मांग मनवाने का मौका है। आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग वह कर रहे हैं। सरकार ने वित्त आयोग की सिफारिशों का हवाला देते हुए बार–बार इसे बोझ करार दिया और कभी नहीं माना, इसी मांग के पूरा न होने पर चंद्र बाबू नायडू मोदी सरकार से छिटक गए थे।

समय का पहिया घूम चुका है और ऐसी स्थिति बन गई है कि चंद्र बाबू नायडू अपनी हर मांग पूरी करवा सकते हैं। केंद्र सरकार किसी भी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने का प्रावधान ही खत्म कर चुकी है? स्थिति काफी रोचक रहने वाली है। यदि केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देती है तो उसे अपने ही किए प्रावधानों को पलटना होगा। सन् 1969 में भारत के पांचवें वित्त आयोग ने कुछ राज्यों के विकास में सहयोग करने और उन्हें प्रगति के पथ पर तेजी से चलाने के लिए एससीएस की सिफारिश की। सिफारिशों को माना गया और गाडगिल फार्मूला के आधार पर कुछ राज्यों को 'विशेष राज्य' का दर्जा दिया। किसी भी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने से पहले कई फैक्टर्स को ध्यान में रखा जाता था, जैसे कि पहाड़ी इलाका, कम जनसंख्या घनत्व और जनजातीय जनसंख्या का बड़ा हिस्सा, पड़ोसी देशों के साथ सीमाओं पर सामरिक स्थिति, आर्थिक तथा आधारभूत संरचना में पिछड़ापन, और राज्य के वित्त की अव्यवहार्य प्रकृति। इसके बाद कई सालों तक इन्हीं के आधार पर विशेष राज्य का दर्जा दिया जाता रहा, लेकिन बाद में सरकार ने इसे पलट दिया। 14वें वित्त आयोग की सिफारिश पर इस सिस्टम को हटा दिया गया।

बिहार भी औद्योगिक विकास की कमी और सीमित निवेश अवसरों समेत गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना करता रहा है। ऐसे में वहां की सरकार लम्बे समय से स्पेशल स्टेटस की मांग करती रही है। उधर, 2014 में यूपीए सरकार के वक्त जब आंध्र प्रदेश का बंटवारा हुआ तो तेलंगाना एक अलग राज्य बन गया। केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश को स्पेशल स्टेटस देने का वादा किया, ताकि उसे रेवेन्यू में जो नुकसान उठाना पड़ा, और राज्य से सबसे अधिक विकसित शहर हैदराबाद के छिनने की भरपाई हो सके। यूपीए सरकार की विदाई हो गई और नरेंद्र मोदी की अगुवाई 2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली। उसी समय चंद्र बाबू नायडू भी सत्ता में आए और वे 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहे। 2019 में वाईएस जगन मोहन रेड्डी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और वे 2024 तक रहे। नायडू और रेड्डी, दोनों ही मुख्यमंत्री केंद्र से स्पेशल स्टेट का दर्जा पाने की अपील करते रहे ताकि राज्य को ज्यादा फंड मिल सकें, मगर ऐसा हो नहीं पाया। अब बीजेपी बहुमत पाने में नाकाम हो रही है और चंद्रबाबू नायडू के साथ मिलकर सरकार बनाने के सीमित विकल्पों का सामना कर रही है। वे आंध्र प्रदेश (एपी) के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा (एससीएस) मांग सकते हैं। कांग्रेस पहले ही कह चुकी है कि अगर वह सत्ता में आती है तो राज्य को एससीएस देने को तैयार है। हालांकि, केवल एपी को एससीएस देना, और बिहार और ओडिशा जैसे अन्य राज्यों को छोड़ देना, बीजेपी के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। नायडू आंध्र में शानदार जीत के बाद मजबूत स्थिति में हैं और बीजेपी उन पर निर्भर है, इसलिए वह अनुकूल शर्तों के साथ समझौता कर सकते हैं. इनमें केंद्रीय परियोजनाएं, विशाखापटनम स्टील प्लांट के निजीकरण को रोकना, पिछड़े जिलों के लिए ज्यादा सहायता, और टैक्स छूट के साथ विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करना शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, नायडू मोदी सरकार में अपनी पसंद के मंत्रालय भी मांग सकते हैं।लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एनडीए में सहयोगी दल खास जेडीयू भी मोदी सरकार पर दबाव बनाने में जुट गई है। नीतीश कुमार प्रेशर पॉलिटिक्स के तहत मोदी 3.0 सरकार बनने से पहले ही अपनी बड़ी डिमांड रख रहे हैं। जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार यानि जेडीयू चाहती है कि अग्निवीर पर नए तरीके से सोचा जाए। इसके अलावा एक देश–एक चुनाव पर जेडीयू ने सरकार को समर्थन दिया है।

दरअसल, यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर शुरू से सभी राजनीतिक दलों में गतिरोध रहा है। इस मुद्दे पर सबकी अपनी–अपनी राय है। कोई चाहता है देश में लागू किया जाना चाहिए, जबकि कई दल इसके पक्ष में नहीं है। उधर, अग्निवीर योजना को लेकर भी मतभेद हैं। ज्यादातर राजनीतिक दल इसके पक्ष में नहीं हैं. केवल बीजेपी ही इन दोनों को लेकर अडिग है। हालांकि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर नीतीश ने नरम रुख दिखाया है और इस पर अपनी सहमति दे दी है। वहीं, नीतीश कुमार भी प्रेशर पॉलिटिक्स के तहत अपनी ज्यादा से ज्यादा मांगें सरकार बनने से पहले ही रख दे रहे हैं।

एनडीए के सहयोगी दलों में टीडीपी, जदयू, शिवसेना, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) शामिल हैं। एनडीए में केवल इन चार पार्टियों को मिलाकर 40 सांसद हैं। ¼fgQh½

## सम्पादकीय

### आसान नहीं होगा तीसरा कार्यकाल

नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरा कार्यकाल शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री स्वंय और भाजपा के अन्य नेता खूब आत्मविश्वास दिखा रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि सरकार के संचालन में कोई समस्या नहीं होगी। परंतु हकीकत उनको भी पता है। इस बार मोदी के लिए कामकाज पहले दो कार्यकाल की तरह आसान नहीं होगा। यह कहने का कतई यह आशय नहीं है कि उनके प्रधानमंत्री बने रहने में कोई समस्या आएगी। अगले पांच साल में उनकी सत्ता को कोई समस्या नहीं होगी।भाजपा की तरफ से या सहयोगी पार्टियों की ओर से सत्ता के लिए खतरा नहीं पैदा किया जाएगा। परंतु सरकार निरंतर दबाव में रहेगी, जिसकी आदत नरेंद्र मोदी को नहीं रही है। इस साल अक्टूबर में वे सत्ता के 23 साल पूरे करेंगे। वे अक्टूबर 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। शुरुआती कुछ चुनौतियों को छोड़ दें तो 2002 से दूसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद से लेकर अभी तक उनका राज एकछत्र रहा है। कभी गठबंधन की परवाह करने की उनको जरुरत नहीं रही और न उनके ऊपर कोई आलाकमान रहा। गुजरात में भी वे सत्ता राज्य के प्रधानमंत्री की तरह ही संभालते रहे।यह पहली बार है, जब वे अपने ऊपर दबाव महसूस करेंगे। अभी तो सारी चीजें अच्छी दिख रही हैं और पार्टी का भी समर्थन दिख रहा है। आरएसएस की ओर से भी कुछ नहीं कहा जा रहा है और सहयोगी पार्टियां भी बिना शर्त समर्थन दे रही हैं। लेकिन एक बार हनीमून पीरियड खत्म हुआ और कामकाज रूटीन में लौटा तो रोजमर्रा के कामकाज को लेकर भी दबाव और चुनौतियां सामने आने लगेंगी। सबसे पहली चुनौती सहयोगी पार्टियों के मंत्रियों के निजी स्टाफ की नियुक्ति, उनके विभागीय सचिवों की नियुक्ति और उनके स्वायत्त होकर काम करने की मांग को लेकर होगी। अगर एक बार ऐसी स्वायत्तता सहयोगी पार्टियों के मंत्रियों को मिली तो खरबूजे को देख कर खरबूजा रंग बदलता के अंदाज में भाजपा के अपने मंत्री भी पूरी नहीं तो आंशिक स्वायत्तता की मांग कर सकते हैं और नहीं मिलने पर विरोध जता सकते हैं।ध्यान रहे अभी तक मंत्रियों को निजी स्टाफ और उने मंत्रालयों के विभागीय सचिवों की नियुक्ति केंद्रीकृत तरीके से होती रही है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली नियुक्ति समिति सारी नियुक्तियां करती हैं। इस समिति में प्रधानमंत्री के अलावा राजनाथ सिंह और अमित शाह सदस्य थे। एकाध मंत्रियों को छोड़ दें तो शायद ही कोई मंत्री पसंदीदा सचिव या स्टाफ की मांग कर सकता था। लेकिन सहयोगी पार्टियों के मंत्रियों के साथ यह रूटीन काम नहीं करने वाला है।सहयोगी पार्टियों के कई ऐसे नेता मंत्री बने हैं, जो मंत्रालयों के कामकाज से पहले से वाकिफ हैं और नौकरशाही की समझ भी रखते हैं। वे अपने राज्य के भरोसेमंद अधिकारियों को रखने की जिद कर सकते हैं। ऐसा होने पर सरकार के कामकाज पर कैबिनेट सचिवालय और प्रधानमंत्री सचिवालय की जो आइरन ग्रिप है वह कमजोर पड़ेगी।

# कश्मीर में पाकिस्तानी साजिश



ihएम नरेन्द्र मोदी की शपथ के ऐन मौके पर दहशतगर्दों ने वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों पर हमला कर सीधे चुनौती दी है और जाहिरा तौर पर साफ कर दिया है कि अभी आतंकवाद का जम्मू–कश्मीर से सफाया नहीं किया जा सका है और सरकारी दावों के ठीक उलट आतंकवादी मनमाने समय और टार्गेट का चयन कर आतंकी हमलों को अंजाम देने में सक्षम हैं।ताजा जानकारी के अनुसार इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी दी रेजिस्टेंट फ्रंट टी आर एफ नामक संगठन ने ली है इस संगठन पर पिछले साल प्रतिबंध लगा दिया गया था।

नई दिल्ली में जिस समय राष्ट्रपति भवन में नई सरकार के गठन का भव्य समारोह चल रहा था। पीएम मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ले रहे थे। 72 सांसदों ने मंत्री पद की शपथ लेनी थी। ठीक इसी समय एक सूचना मिली की जम्मू कश्मीर में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। इस बार आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं से भरी बस को अपना शिकार बनाया। ये सभी तीर्थ यात्री मां वैष्णो के भव्य दर्शन करने आए थे। हमले में नौ लोगों की मौत हो गई है, जबकि 41 श्रद्धालु घायल हुए हैं। जम्मू–कश्मीर के रियासी में यात्री बस पर हुए आतंकवादी हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित लश्कर–ए–तैयबा का हाथ है। हमला उस बस पर किया गया, जो शिवखोड़ी से लौट रही थी। शिव खोड़ी मां वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शिवखोड़ी धाम में प्रतिदिन देशभर से आठ से दस हजार श्रद्धालु आते हैं। माता वैष्णो देवी के दर्शन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु कटरा से शिवखोड़ी का रुख करते हैं।

तीर्थयात्रियों ने आपस में मिलकर स्थानीय ट्रांसपोर्टर की एक बस बुक की। शिवखोड़ी जाने के लिए ये बस 53 सीटर थी। ये बस शिवखोड़ी से दर्शन करवाने के बाद श्रद्धालुओं को वापस कटरा छोड़ने वाली थी। बस शिवखोड़ी से 4 बजे रवाना होने वाली थी लेकिन कुछ देरी की वजह से बस शाम 5. 30 बजे रवाना हुई। बस रांसू, पौनी, नंबल होते हुए रियासी पहुंची और कुछ ही देर में चीख–पुकार मच गई। रियासी से कुछ ही दूरी के बाद आतंकियों ने सबसे पहले बस के ड्राइवर पर फायरिंग की। ड्राइवर को गोली लगने की वजह से बस असंतुलित हो गई। इसके बाद बस खाई में जा गिरी। आतंकियों ने खाई में गिरे श्रद्धालुओं पर अंधाधुंध फायरिंग की। एक घायल ने बताया कि आतंकी ने लाल रंग का मफलर पहना हुआ था।

ऐसी जानकारी है कि आतंकी कुछ दिन से इस जगह पर रैकी भी कर रहे थे। इस हमले में मारे गए श्रद्धालुओं में दो मासूम बच्चे भी हैं, जिसमें एक मात्र दो–तीन साल का है। बताया जा रहा है कि आतंकवादी बस के सभी हिन्दू तीर्थयात्रियों को मौत के घाट उतारने की फिराक में थे लेकिन बस चालक को गोली लगने के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई जिस कारण आतंकवादी सभी हिन्दू श्रद्धालुओं का खून बहाने के अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके और 43 श्रद्धालुओं की जान बच गई। आतंकी हमले के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों की मदद की। दहशतगर्दों ने 30 से 40 राउंड फायर किए और एक गोली बस ड्राइवर को लगी, जिसके चलते बस 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। जिस जगह पर हमला हुआ, रियासी क्षेत्र जम्मू–कश्मीर में चिनाब नदी के पास स्थित है। रियासी नाम शहर के पुराने नाम रसियाल से लिया गया है। इसकी स्थापना आठवीं शताब्दी मेंभीम देव द्वारा की गई थी। तीर्थयात्रियों से भरी बस पर चार आतंकवादियों ने हमला किया। माना जा रहा है कि ये पाकिस्तानी आतंकवादी थे। उन्होंने राजौरी और रियासी बॉर्डर के बीच के इलाके में बस को निशाना बनाया। पुलिस का मानना है कि आतंकियों ने जिस इलाके में इस घटना को अंजाम दिया है, वहां आतंकी कमांडर अबू हमजा सक्रिय है। ऐसे में कहीं इस हमले के पीछे अबू हमजा का हाथ तो नहीं है इसकी जांच भी जांच हो रही है।

बताया गया है कि इस घटना के शिकार हुए तीर्थयात्री उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के रहने वाले हैं। इस हमले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इसकी जिम्मेदारी एनआईए को सौंपी गई है। साथ ही एनआईए की फॉरेंसिक टीम भी मौके के लिए रवाना की गई है। इसके अलावा एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

घटना में घायल हुए श्रद्धालु संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि शिवखोड़ी से दर्शन करके वापस आ रहे थे। अचानक बीच रोड पर एक आतंकवादी आया और फायरिंग शुरू कर दी। दो–तीन फायरिंग ड्राइवर के ऊपर किया, फिर बस के अंदर फायरिंग की। फिर बस नीचे गिर गई। नीचे गिरने के बाद भी काफी देर तक फायरिंग की। उसके बाद कई लोग रोने–चिल्लाने लगे। बीच–बीच में बंद करके फायरिंग होती रही। जब फिर हमने सबको शांत कराया कि अभी चुप रहो, हो सकता है अभी और फायरिंग करे फिर भी कुछ देर तक आतंकी खाई में गिरी बस पर गोलीबारी करते रहे। एक घायल श्रद्धालु ने कहा कि हम लोग दिल्ली से वैष्णो देवी के दर्शन करने आए थे। दर्शन करने के बाद हमारे पास टाइम बचा था, हमने सोचा शिवखोड़ी के दर्शन कर आएं। दर्शन करके जैसे ही हम लोग वहां से निकले ठीक आधे घंटे बाद हमारी गाड़ी पर फायरिंग शुरू हो गई और शीशे टूट गए। कुछ सेकंडों में हमारी गाड़ी खाई में चली गई। खाई में जाने के बाद भी कुछ सेकंड फायरिंग चलती रही। रियासी की एसएसपी मोहिता शर्मा ने बताया कि चश्मदीद के मुताबिक दो से चार आतंकियों ने बस पर फायरिंग किया है। बड़े पैमाने पर आतंकियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जिन आतंकियों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है, उनके पाकिस्तानी होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं सामान्य इनपुट के आधार पर शिव खोड़ी और माता वैष्णो देवी की सुरक्षा पहले से ही पुख्ता थी। कोई भी खास इनपुट नहीं था, लेकिन दुर्भाग्य से आतंकियों की तरफ से यात्रियों की बस पर हमला किया गया। हालांकि हमले ने सुरक्षा एजेंसियों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। यह इसलिए खतरे की घंटी है क्योंकि यह आतंकवादियों द्वारा जम्मू क्षेत्र में राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों से परे अपने अभियान के विस्तार करने की ओर इशारा करता है।

# सामाजिक कलंक है बालश्रम?



डॉ. रमेश ठाकुर ।

बाल श्रम रोकने में सरकारी व सामाजिक दोनों के प्रयास नाकाफी न रहें, सभी को ईमानदारी से इस दायित्व में आहुति देनी चाहिए। कानूनों की कमी नहीं है, कई कानून सक्रिय हैं। बाल श्रम अधिनियम–1986 के तहत ढाबों, घरों, होटलों में बाल श्रम करवाना दंडनीय अपराध है।

वैश्विक समस्या है बाल श्रम? किसी भी मुल्क के माथे पर सामाजिक कलंक भी है, फिर चाहें वह देश विकसित हो या विकासशील? आज से 19 वर्ष पहले यानी सन–2002 को इस बुराई के विरुद्ध प्रतिवर्ष 12 जून के दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' की पहल पर 'विश्व बालश्रम निषेध दिवस' मनाने का आरंभ हुआ। इस दिवस का मकसद चाइल्ड लेबर के सभी रूपों को रोकने के लिए जनमानस को जागरूकता करना था। जागरूकता को ध्यान में रखकर ही 2024 की थीम 'अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें' बाल श्रम समाप्त करें' निर्धारित की गई है। आंकड़ों की माने तो बालश्रम एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दूसरे स्थान पर काबिज है। यहां कुल 7 फीसदी बच्चे विभिन्न किस्म की मजदूरी में संलिप्त है। यही कारण है कि 62 मिलियन बच्चों की बड़ी आबादी आज भी शिक्षा से महरूम है। रोकथाम के लिहाज से प्रयासों में कमी नहीं है, प्रयास बहुतेरे किए जाते हैं कि बच्चों को बाल श्रम की धधकती भट्टियोंसे आजाद करवाया जाएं। लेकिन परिवारों के मध्य संघर्ष, संकट और आर्थिक मजबूरियां उन्हें बाल श्रम करने को विवश करती हैं।बाल श्रम रोकने में सरकारी व सामाजिक दोनों के प्रयास नाकाफी न रहें, सभी को ईमानदारी से इस दायित्व मेंआहुति देनी चाहिए। कानूनों की कमी नहीं है, कई कानून सक्रिय हैं। बाल श्रम अधिनियम–1986 के तहत ढाबों, घरों, होटलों में बाल श्रम करवाना दंडनीय अपराध है। बावजूद इसके लोग बाल श्रम को बढ़ावा देते हैं। बच्चों को वह अपने प्रतिष्ठिनों में इसलिए काम दे देते हैं क्योंकि उन्हें कम मजदूरी देनी पड़ती है। लेकिन वह यह भूल बैठते हैं कि वह कितना बड़ा अपराध कर रहे हैं। बाल मजदूरी रोकने के लिए 1979 में बनी गुरुपाद स्वामी समिति ने बेहतरीन काम किया था। उसके बाद अलग मंत्रालय, आयोग, संस्थान और समितियां बनीं, लेकिन बात फिर वहीं आकर रुक जाती है कि जब तक आमजन की सहभागिता नहीं होगी, सरकारी प्रयास भी नाकाफी साबित होंगे।अंतर्राष्ट्रीय समुदाय विगत कई दशकों से बाल श्रम को समाप्त करने में ईमानदारी से प्रतिबद्धता व्यक्त कर रहा है। बावजूद इसके संपूर्ण विश्व में आज भी करीब 160 मिलियन बच्चे बाल श्रम की भट्टी में तप रहे हैं। दुनिया भर में करीब दस में से एक बच्चा आज भी किसी न किसी रूप में मजदूरी करने को मजबूर है। बाल श्रम से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहताशा प्रयास हो रहे हैं। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा लगातार कार्यान्वित शिक्षा, कला और मीडिया के माध्यम से बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लेकिन फिर भी बाल श्रम की समस्या थमने के बजाय और बढ़ रही है। हिंदी फिल्म 'बूट पॉलिश' का एक गाना है कि 'नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है, मुट्ठी में है तकदीर हमारी' के बोल न सिर्फ बालश्रम की भट्टियों में धधकते बचपन के प्रति संवेदना जगाते हैं, बल्कि हुकूमतों के लिए बाल समस्याओं पर अंकुश न लगाने व उनसे जुड़े उत्पीड़न और अपराध के प्रति घोर निराशा भी व्यक्त करते हैं। बाल मजदूरी वैश्विक समस्या का रूप ले चुकी है। इसलिए सिर्फ सरकार–सिस्टम पर सवाल उठाने से अब काम नहीं चलने वाला? समाधान के विकल्प सभी को मिलकर खोजने होंगे? सड़कों पर भीख मांगते बच्चे, ईट भट्टों पर काम करते नौनिहाल, विभिन्न अपराधों में लिप्त बच्चे व शिक्षा से महरूम बच्चों को देखकर मुंह मोड़ने के बजाय है, हुकूमतों को चेताना होगा। बच्चों से मुंह फेरना ही हमारा सबसे बड़ा अपराध है। हमारी चुप्पी ही बालश्रम जैसे कृत्य को बढ़ावा देती है। ऐसे बच्चों के बचपन की तुलना थोड़ी देर के लिए हम अपने बच्चों से करें, तो फर्क अपने आप महसूस कर सकेंगे। ऐसा करने से अपने भीतर बदनसीब बच्चों के प्रति संवेदना जगेगी और उनसे जुड़े जुल्मों के खिलाफ अवाज उठाने का संबल मिलेगा। आंखों के सामने किसी बच्चे का बचपन खो जाना, हमारे लिए सबसे बड़ी शर्म वाली बात है।इस सामाजिक बुराई से समाज को वाकिफ हो जाना चाहिए कि बाल श्रम रोकना केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, प्रत्येक इंसान का मानवीय दायित्व भी है। ये सच है कि समस्या किसी एक के बूते सुलझने वाली नहीं? इसके लिए सामाजिक चेतना, जनजागरण और जागरूकता की जरूरत है। बाल मजदूरी और बाल अपराध को रोकने के लिए महिला बाल मंत्रालय, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग व निपसिड सहित इस क्षेत्र में कार्यरत तमाम संस्थाएं कार्यरत हैं। गैर सरकारी संगठन और एनजीओ हमेशा रोकथाम की दिशा में हमेशा तत्पर रहते हैं। इसके लिए सबसे पहले सामाजिक स्तर पर बाल श्रमिकों के प्रति आम लोगों के जेहन में संवेदना जगानी होगी और बाल श्रम के खिलाफ मन में लड़ाई की प्रवृति पैदा करनी होगी। ताजा आंकड़े बताते हैं कि बीते एकाध दशकों से एशिया में सबसे ज्यादा बाल तस्करी हिंदुस्तान में हुई हैं। जबकि, ये सिलसिला रूका नहीं, बल्कि और तेज हुआ है। बाल मजदूरों के बढ़ने के कुछ कारण और भी हैं। पिछड़े राज्यों में बाल तस्करों का बड़ा गैंग सक्रिय है, जो मासूम बच्चों को किडनैप करके उन्हें कुछ समय बाद भीख मंगवाने या मजदूरी में लगा देते हैं। कुछ बच्चों को अपराध की दुनिया में भी उतार देते हैं। बाल मजदूरी व बाल तस्करी दोनों कृत्यों में एक बड़ा गैंग सक्रिय होकर अंजाम देता है। नेशनल क्राइम ब्यूरों के आंकड़े बताते हैं कि तस्कर गिरोह समूचे हिंदुस्तान में रोजाना सैकड़ों बच्चे किडनेप करते हैं जिन्हें बाद में भीख मंगवाने, मजूदरी, बाल अपराध और बाल श्रम की आग में झोंकते हैं। सड़क, बाजार व अन्य जगहों पर की जाने वाली स्नैचिंग की ज्यातर घटनाओं को कम उम्र के बच्चे ही अंजाम देते हैं। उन्हें बाकायदा पहले प्रशिक्षण दिया जाता है। उद्योग, कल–कारखाने व कंपनियों वाले बच्चों से मजदूरी इसलिए भी कराते हैं क्योंकि इसके एवज में उन्हें कुछ देना नहीं पड़ता, बिना भुगतान के वह बच्चों कुछ थोड़ा खाना खिलाकर ही उनसे शारीरिक कार्य करवा लेते हैं। आज का दिन खास है, बाल श्रम रोकने के लिए? सभी को संकल्पित होना चाहिए इस लड़ाई में? कहीं कोई बच्चा मजदूरी करता दिखे, उससे उसका कारण जानना चाहिए। अगर लगे उसे जबरदस्ती काम पर लगाया गया है, तोआरोपियोंके खिलाफ कानूनी कारवाही भी करवानी चाहिए।

# वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका

वैचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों। शर्मिंदगी और हैरानी इस बात की है कि ये काम सीआईएसएफ की सुरक्षाकर्मी ने किया है जो लोगों की सुरक्षा के लिए होते हैं।क्या ये कंगना के खिलाफ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर प्लांड अटैक है। सांसद पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुआ हमला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर एक सुरक्षाकर्मी द्वारा, जिन पर सुरक्षा का जिम्मा होता है। अपनी शिकायत को रखने का और भी सभ्य तरीका होता है।य

भारतीय राजनीति और सामाजिक जीवन में हम अक्सर इस तरह की घटनाओं के बारे में सुनते हैं। थप्पड़ कहने से हिंसा की गंभीरता कम होती है और हिंसा के शिकार की कमजोरी ज्यादा उजागर होती है। थप्पड़ से किसी की जान नहीं जाती, उसकी निष्कवचता अधिक प्रकट होती है। उसमें किसी योजना की जगह एक प्रकार की स्वतरूस्फूर्तता का तत्व होता है। कहा जा सकता है कि थप्पड़ मारने वाले की मंशा सिर्फ नाराजगी का इजहार होता है। राजनीति और सिस्टम (लोकतंत्र या तानाशाही) में विरोध जायज है और यही विरोध तरह तरह के स्वरूपों में हमारे सामने आता रहता है। थप्पड़ या स्याही हमला भारतीय राजनीति में कोई नया किस्सा नहीं है। पहले भी हमारे नेता इन हमलों का दंश झेलते रहे हैं।

इतना ही नहीं कई नेताओं पर जूता उछाले जाने की घटनाएं भी हुई हैं। लोकतंत्र लोगों को विरोध प्रदर्शन की आजादी देता है और लोग विरोध के नए–नए तरीके खोज लाते हैं। कभी विरोध में अंडे, टमाटर फेंके जाते हैं तो कभी जूते–चप्पल कंगना ने किसान आंदोलन के खिलाफ में कुछ बोला तो सीआईएसफ की कांस्टेबल ने आज कंगना पर हमला कर दिया। ये कहां तक उचित है? जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे ये समझ लें कि रक्षक को भक्षक नहीं बनना होता है। आपकी व्यक्तिगत सोच और विचारधारा आपकी ड्यूटी के बीच में नहीं आनी चाहिए। देशभर में दर्जनों नेता हैं जो सेना के खिलाफ बोलते आए हैं। कभी सिक्यूरिटी के दौरान किसी सैनिक की भावना उसकी ड्यूटी के बीच आ गई तो ऐसे नेताओं का वहीं हिसाब हो जाएगा। धारा 370, राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कई नेताओ और सेलिब्रिटीज के घटिया और भद्दे बयान सबके सामने हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ अगर हर सुरक्षाकर्मी सिक्युरिटी के दौरान अपनी भवनाएं दिखाने लगा तो बहुत बड़ी दिक्कत हो जाएगी। मुझे तो ये समझ नहीं आ रहा है कि लोग कैसे इस महिला के एक्ट को जस्टिफाई कर सकते हैं।

क्या लोग ये भूल गए कि ऐसे ही दो सुरक्षा कर्मचारियों की भावनाएं उनकी ड्यूटी के बीच आ गई थी जिसकी वजह से इंदिरा गांधी की हत्या हुई। हिंसा की भर्त्सना बिना शर्त जब तक न की जाएगी, जब तक उसके लिए कोई औचित्य तलाशा जाता रहेगा और जब तक वह विचारधारा के आधार पर सही या गलत मानी जाएगी, उसकी पुनरावृत्ति होती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### आनलाइन आवेदन आमंत्रित

सोनभद्र(एजेंसी)। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव ने अवगत कराया गया कि, उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना अर्न्तगत ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकध्नवयुवती जो ग्रामीण क्षेत्र के निवासी हो तथा अपने गॉव में ही उद्योग लगाकर रोजगार स्थापित करना चाहते हो, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी उम्र 18 से 50 वर्श तक हो ऋण हेतु आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आई0टी0आई, पॉलीटेक्निक, परम्परागत कारीगरो एवं मिषन अन्त्योदय ग्राम के लाभार्थियो को वरीयता प्रदान की जाएगी।

योजना अर्न्तगत बैंक द्वारा स्वीकृतधवितरित टर्म लोन (पूंजीगत ऋण) पर सामान्य वर्ग के पुरुश को प्रोजेक्ट लागत का 10 प्रतिषत अपना अंषदान लगाना पड़ेगा एवं 04 प्रतिषत वार्शिक ब्याज की दर से ब्याज भुगतान करना पड़ेगा षेश बैंक की ब्याज की धनराषि षासन से प्राप्त होने पर विभाग द्वारा भुगतान की जायेगी एवं आरक्षित वर्ग के अन्य सभी उद्यमियों को जैसे महिला, पिछ्डी जाति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अल्पसंख्यक, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक को प्रोजेक्ट लागत का 5 प्रतिषत अपना अंषदान लगाना पड़ेगा तथा षून्य प्रतिषत वार्शिक ब्याज की दर से बैंको को ब्याज भुगतान करना पड़ेगा। योजनान्तर्गत बैंको के माध्यम से अधिकतम ऋण रुपया 10 लाख तक उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है। इच्छुक व्यक्ति अपने षैक्षिक योग्यता प्राविधिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बेरोजगार होने का शपथ पत्र एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ ऑनलाइन ीजजचरूध्ध्बउमहच.कंजं–बमदजमत.बव.पद पर आवेदन कर सकते हैं। ऑन लाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सोनभद्र में जमा करें।

### अपर आयुक्त विंध्याचल मंडल डश् विश्राम के पत्नी की असामयिक निधन पर शोकसभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

सोनभद्र(एजेंसी)। डा विश्राम की पत्नी रमा देवी के असामयिक निधन पर जनपद के साहित्य सेवी, पत्रकार, एवं उनके शुभचिन्तको में शौक की लहर व्याप्त है। जगह–जगह लोगों ने शोक सभा का कर श्रद्धांजलि अर्पिक की। कलमकार संघ, श्रमजीवी पत्रकार एसोनिसएशन की सुंक्त शभा में उपस्थित पत्रकारों, साहित्यकारो, अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर गतात्मा की शान्ति एवं इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की इस अवसर पर सर्वश्री चन्द्रकान्त शर्मा, जगदीश्वर जायसवाल, अशोक श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, रामप्रसाद यादव, आशुतोष पाण्डेय, विकास वर्मा, बृजेश शुक्ला, सचिन गुप्ता, अशोक विश्वकर्मा,बचऊ पाण्डेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे।हमारे दुद्धी संवाददाता के अनुसार–विंध्याचल मंडल के अपर आयुक्त डॉ विश्राम के पत्नी की असामायिक निधन पर मंगलवार को दुद्धी कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। कचहरी परिसर में करीब 11 बजे सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु कांत तिवारी एवं दुद्धी बार एसोसिएशन के सचिव अशोक कुमार गुप्ता के संयुक्त अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया, शोक प्रस्ताव के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहें।

### बकरीद त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

म्योरपुरध्सोनभद्र(एजेंसी)। स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक थानाध्यक्ष हेमन्त कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बैठक में थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के ग्राम प्रधान व हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे मस्जिद के सदर अयूब अली ने बताया कि बकरीद का नमाज ईदगाह में पढ़ाया जाएगा जहां सभी भाई बन्धु एक साथ अकीदत के साथ नमाज को अदा करेंगे। इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा और गांव जैसे किरवानी, किरबिल, काचन में नमाज अदा करने के बारे में पूछा गया एवं बकरे की बलि की जानकारी ली गयी सभी के बातों को सुनने के बाद प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि त्योहार सादगी के साथ मनाए त्योहार के दिन अराजकता फैलाने वालो की जगह जेल में होगी उन्होंने हिन्दू समुदाय के लोगो से बात किया हिन्दू भाइयो ने कहा इस गांव में हम हिन्दू मुस्लिम गंगा जमुनी तहजीब पर एक दूसरे के साथ त्योहार मनाते है कोई दिक्कत नही हुई है न आगे होगी।

## पुलिस का दिखा खौफ, 25 हजार के इनामी ने किया आत्मसमर्पण

### फिल्म अंदाज में गले में तख्ती लगाकर किया आत्मसमर्पण



मऊ। एक अनोखे अंदाज में गले में तख्ती लगाकर 25 हजार ईनामिया अपराधी ने मंगलवार को कोतवाली में सरेंडर किया। सरेंडर के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार ढाई साल पहले शहर के भीटी निवासी सोनू साहनी अपने परिवार के साथ रहता था। सोनू के बेटे की तबियत खराब हुई तो उसको झाड़ फूंक के चक्कर में फंसे गया जिसके बाद उसको बताया गया कि तुम्हारे परिवार की महिला ने कुछ टोना टोटका कर दिया है जिसके बाद सोनू ने अपनी भाभी अतवारी पर शक करते हुए मूसड़ (मोटे डंडे) से सर पर प्रहार कर दिया जिसके बाद से सोनू लगातार फरार चल रहा था। इस मामले में उसकी पत्नी निशा साहनी भी आरोपी बनाई गई जिसके बाद आरोपी के पिता यमुनाराम साहनी ने ही अपने छोटे बेटे एवं बहू के खिलाफ अपनी बड़ी बहू अतवारी साहनी की हत्या करने के आरोप में शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया जिसके बाद से ही सोनू फरार चल रहा था। आज तख्ती लगाकर शहर कोतवाली में अनोखे अंदाज में आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर करने के बाद उसने कहा कि जिंदगी का अब डर नहीं है जज साहब से अपील करूंगा कि मुझे फांसी दे जो मेरी चाहत थी उसे घटना को मैंने अंजाम दे दिया है भाभीं ने मेरे बच्चे को मानसिक रूप से पागल किया था जिसके बाद मुझे गुस्सा आया कि जब मेरा बेटा ही सही नहीं तो मैं भाभी को क्यों रहने दूं उसके बाद भाभी को मैं मौत के घाट उतार दिया और थाना कोतवाली में सरेंडर करने पहुंच गया। कोतवाली में मौजूद पूछा गया तो आरोपी ने बताया की ढाई साल से मैं गुजरात में रहता था जिसके बाद पुलिस परिवार को परेशान करने लगी फिर उसने अपने मूड को चेंज किया और सरेंडर करने का फैसला लिया और आज थाना कोतवाली में सरेंडर कर दिया है। इस बावत सीओ सिटी अंजनी कुमार पांडेय सोनू साहनी जो कि अपनी भाभी की हत्या का आरोपी है उसने कोतवाली में सरेंडर किया है। लगभग 2.5 साल से यह फरार था जब इसके परिवार के उपर दवाब बनाया गया तो आरोपी ने सरेंडर कर दिया। इसके ऊपर 25 हजार का इनाम भी था।

## वार्ड नं0 27 में 10 लाख की लागत से 7.5 एचपी के नलकूप का उद्घाटन, अन्य क्षेत्रों को भी राहत

### - पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिये 8 करोड़ की योजना पर जल्द होगा कार्य- अरशद जमाल



मऊ। नगर पालिका के वार्ड नं0 27 मुंशीपुरा मखनवा में 7.5 एचपी क्षमता वाले ट्यूब्वेल के अधिष्ठापन कार्य का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल द्वारा किया गया। लगभग 10 लाख रूपये की लागत से अधिष्ठापित होने वाले इस ट्यूब्वेल के चालू हो जाने से आस पास के क्षेत्रों में भी पानी की समस्या दूर हो जायेगी। इस नव अधिष्ठापित नलकूप के उद्घाटन के बाद पालिकाध्यक्ष ने लाभांवित होने वाले कई घरों में स्वयं जाकर पानी की आपूर्ति की जांच की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि भीषण गर्मी को मद्देनजर रखते हुये आम नगरवासियों को राहत पहुंचाने के लिये नगर क्षेत्र में पेय जलापूर्ति के प्रति हमारा प्रयास जारी है तथा इस क्रम में एक वर्ष के दौरान 30 से अधिक नलकूपों के अधिष्ठापन का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि विशेषकर अस्तुपुरा, दामाद नगर, मालिकताहिरपुरा, दक्खिन टोला, मदनपुरा, कासिमपुरा इत्यादि मोहल्लों में जलापूर्ति हेतु नलकूप लगभग तैयार हैं। आशा है कि बकरीद से पहले उक्त मुहल्लों को भी जल की आपूर्ति शुरू कर दी जायेगी। जबकि पिछले दिनों मलिकताहिरपुरा, भेली बाजार, काजीटोला, कादीपुरा, खुर्दबाकी आदि स्थानों पर पहले ही पेयजल की सप्लाई चालू कर दी गयी है। श्री जमाल ने बताया कि इसी प्रकार नगर के अन्य 25 स्थानों पर भी नये नलकूप लगाने और पाइप लाइन बिछाने के लिये जल्द ही प्रक्रिया आरम्भ की जानी है। इस लक्षित योजना के लिये पालिका द्वारा 8 करोड़ रुपये की व्यवस्था भी कर ली गयी है। उन्होंने अपने संकल्पित योजना को आम करते हुये बताया कि पूर्वोपाय के रूप में आगामी 2 वर्षों में नगर क्षेत्र में जलापूर्ति हेतु ऐसा अनूठा प्रबन्ध कर दिये जाने का मेरा लक्ष्य निर्धारित है जिसके क्रिया रूप ले लेने के उपरान्त यदि ईश्वर ने चाहा तो आने वाले 20 वर्षों तक नगर को पानी की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा। पालिका अध्यक्ष ने यह भी बताया कि कई बड़े नलकूप ऐसे हैं जिनकी आयु समाप्त हो चुकी है, इसलिये ऐसे सभी नलकूपों के पास नये नलकूप लगाने की भी योजना बनायी गयी है ताकि पुराने नलकूप फेल होने की दशा में विकल्प के रूप में नये नलकूप उपलब्ध हों तथा इनसे त्वरित आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा सके। श्री जमाल ने बताया कि इस प्रकार नगरवासियों को राहत पहुंचाने के क्रम में पालिका द्वारा किये जाने वाले कार्यों के फलस्वरूप जलापूर्ति की राह में हायल रूकावटें अतिशीघ्र दूर होने वाली हैं। इस अवसर पर वार्ड मेम्बर मास्टर शमीम अहमद, बेलाल अहमद, महताब आलम, खुर्शीद अहमद, अबुल कलाम, जोहैर अहमद, शाहिद, मु0 खालिद, मु0 इस्माईल आदि के इलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि सभा में पूर्व अध्यक्ष के प्रति उमड़ी आस्था



मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पूर्व ब्लाक व जिलाध्यक्ष तथा बयालिस बेरूवार बिरादरी के वर्तमान अध्यक्ष सौसरवां निवासी महेंद्र सिंह की श्रद्धांजलि सभा करहाँ स्थित वैराग्याश्रम मठ गुरादरी धाम पर मंगलवार की शाम आयोजित हुई। इसमें उपस्थित क्षेत्र के सभी सम्मानित प्रतिनिधिगणों ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके .तित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सभा की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त शिक्षक व क्षेत्र के वरिष्ठतम सम्मानित नागरिक जयजय सिंह ने स्वर्गीय महेंद्र सिंह को बहुआयामी प्रतिभा का धनी बताया। जय सिंह ने कहा कि बाबू महेंद्र सिंह अपने जीवन काल में धार्मिक, सरकारी, सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्:तिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे जहां विद्युत विभाग में सेवाकाल के दौरान समाज की सेवा की वहीं स्वजातीय समाज के लिए भी विभिन्न पदों पर रहते हुए कार्य किया। कमालुद्दीनपुर की 79 वर्षो पुरानी व प्रतिष्ठित रामलीला में 35 वर्षों तक काले हनुमान का जबरदस्त किरदार निभाकर सांस्:तिक सेवा की। वहीं वित्तपोषित जूनियर हाईस्कूल एवं स्ववित्तपोषित हाईस्कूल के प्रबंधक के रूप में उन्होंने शैक्षिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। विद्यालय परिसर में महायज्ञ का आयोजन, भारत राष्ट्र के प्रख्यात शांकर सन्यासी स्वामी ज्ञानानंद सरस्वतीजी महाराज का कार्यक्रम व सौसरवां में विशाल हनुमान मंदिर का निर्माण उनकी धार्मिक सेवाओं में हमेशा याद किया जायेगा। इस सभा में पूर्व शिक्षक जयप्रकाश सिंह, बृजबिहारी सिंह, नागेंद्र सिंह, सतीश कुमार सिंह, शशिभूषण प्रताप सिंह व अजीत प्रताप सिंह ने भी श्रद्धांजलि स्वरूप उद्बोधन किया। सबने मिलकर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही उनके त्रयोदशाह संस्कार पर आयोजित ब्रह्मभोज, बयालिस बिरादरी व स्नेही–स्वजन भोज में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर गुरुप्रसाद सिंह, छेदी सिंह, सत्यनारायन सिंह, नागेंद्र सिंह, रामबख्श सिंह, दुर्गविजय सिंह, प्रमोद सिंह, अरविंद कुमार, ज्ञानी गौतम, गनेश सिंह, हरिनारायण सिंह, संतोष सिंह, राहुल कुमार, अनिल कुमार सहित बयालिस गाँव के दर्जनों प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण दिलाने हेतु नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थायें करें आनलाइन आवेदन

मऊ। जिला पिछ्ड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पिछड़े वर्ग के बेरोज़गार युवक/युवतियों के लिए संचालित "ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु ऑनलाइन संचालित की जा रही ळें वर्ष 2024–25 में इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधि.त संस्था "नीलिट" (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को "ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु जनपद में ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि 08 जून से 21 जून तक होगी। पिछ्ड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर संस्था द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस हेतु दिशा–निर्देश/समय–सारणी उक्त वेबसाइड पर प्रदर्शित कर दी गयी है। आवेदन करने के उपरान्त संस्था द्वारा ऑनलाइन भरे गये आवेदन की प्रति डाउनलोड कर प्रिन्टआउट प्राप्त कर हस्ताक्षरित करते हुए समस्त अभिलेखों तथा उपलब्ध संसाधनों से सम्बन्धित विवरण सहित निदेशालय, पिछ्ड़ा वर्ग कल्याण, इन्दिरा भवन, लखनऊ/जिला पिछ्ड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, मऊ में 21 जून सांय 5 तक अनिवार्य रूप से हार्ड कापी उपलब्ध करायी जायेगी। संस्था द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरी गयी सूचना एवं उपलब्ध कराये गये अभिलेखों का परीक्षण तथा संस्था की आधारभूत संरचनाओं का भौतिक सत्यापन कराते हुए निदेशक, पिछ्ड़ा वर्ग कल्याण की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु संस्थाओं का चयन किया जायेगा।

## पांच एमबीए जगह पर दस एमबीए ट्रांसफार्मर का टेंडर पास, बिजली विभाग के उपल्ब्ध नही

चिरैयाकोट, मऊ। नगर की बिजली सप्लाई सुचारू रूप से मिलने के लिए पांच एमबीए ट्रांसफार्मर के स्थान पर दस एमबीए का ट्रांसफार्मर लगाने का टेंडर लगभग चार महीने पहले का पास हो चुका है चिरैयाकोट पावर हाउस क्षेत्र के लोग ओवर लोडिंग से प्रभावित है जिसके समाधान के लिए लोगों का कहना है कि बिजली पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलने से गर्मी में रहना मुश्किल हो गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। 20 घंटे 10 से 8 घंटे भी बिजली नही मिल रही है। चिरैयाकोट नगर क्षेत्र से लेकर कई लोगों ने बिजली विभाग की इस उदासीनता है आक्रोश रामश्रय, राजकुमार, परवेज, आरिफ, यशवंत, संजय, सुनील कुमार आदि कई लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही पर गंभीर आरोप लगाया है। भीषण गर्मी में बिजली गायब होने से लोग परेशान चिरैयाकोट नगर पंचायत के पावर हाउस केन्द्र बदहाल है पांच एमबीए का ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर चल जा रहा है बिजली विभाग के पास टेंडर लगभग चार महीने पहले का पास हो गया है। किन्तु बिजली विभाग के पास दस एमबीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं होने से लोगों का जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। आये दिन बिजली ओवर लोडिंग के कारण ट्रिप हो जाने के कारण प्रभावित रहता है जिसके कारण बिजली सप्लाई बंद हो जाती है। जबकि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। उसके बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नहीं किया जा रहा है। लोग रात रात भर जागने को मजबूर हो गयें है। लोग बिजली विभाग की आयें दिन हो रही परेशानियों को नहीं दिखाई दे रहे है। ऐसी स्थिति में भीषण गर्मी पड़ रही है ऐसे में नगरवासियों के कुछ घरों से गर्मी में पानी से लेकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में मिला वृद्ध का शव, जांच में जुटी पुलिस

बीजपुर/सोनभद्र(एजेंसी)। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिरसोती के टोला कोड़ार के जंगल मे सोमवार की शाम एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी।शव को पहले चरवाहों ने



देखा फिर इसकी जानकारी पुलिस तक पहुँची पुलिस ने रात होने तक शव को अपने कब्जे में लेकर एनटीपीसी रिहंद चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवा कर शिनाख्त में जुट गयी। मंगलवार की सुबह सूचना पर पहुँचे मृतक के पुत्र बाबूराम ने अपने पिता जीवधन यादव पुत्र स्वर्गीय महाबीर यादव उम्र 82 वर्ष निवासी ग्राम इंजानी टोला कोलिनमाड के रूप में पहचान की। बाबूराम की तहरीर पर पुलिस ने केश दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। बाबूराम सहित परिजनों ने बताया कि जीवधन गुरुवार को बेटी के घर जाने की बात कह कर निकले थे लेकिन सम्भवतः रास्ता भटक गए और कोडार के जंगल मे चले गए।

परिजनों के अनुसार जीवधन मानसिक रूप से कुछ कमजोर थे और कम बोलते थे लोगों ने उम्मीद जताया कि दिन में धूप की वजह से लू लगने के कारण मौत हुई होगी। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव का पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए दुद्धि सीएचसी भेज दिया है। गौरतलब हो कि कोडार जंगल मे पिछले दस दिन के अंदर यह दूसरी लाश मिली है इसके पूर्व एक मानव कंकाल भी इसी जंगल मे मिला था जिसकी शिनाख्त आज तक नही हो पाई है तब तक इसी जंगल मे दूसरी लाश मिल गयी हालांकि इसकी शिनाख्त हो गयी है। उपनिरीक्षक श्रवण कुमार यादव ने बताया कि सम्भवतः हिट बेव के कारण वृद्ध की मौत हुई होगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का सही पता चल पाएगा।

## रोजगार मेले का आयोजन 14 जून को

मऊ। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि राजकीय आईटीआई परिसर सहादतपुरा में 14 जून को बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु वाकरू इंटरनेशनल कंपनी द्वारा कैंपस किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आईटीआई परिसर में आयोजित कैंपस में अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आने–जाने का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण हेतु सहायता योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक

मऊ। उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन ने बताया कि "एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण हेतु सहायता योजना" अन्तर्गत वर्ष 2024–25 हेतु लक्ष्य प्राप्त हो चुका है, जिसके अन्तर्गत "वस्त्र उत्पाद" हेतु उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र में रोजगार हेतु ऋण आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन करने के लिए उम्र 18 वर्ष से ऊपर होना अनिवार्य है। उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय हेतु 25.00 लाख ऋण तक 25 प्रतिशत मार्जिन मनी (सब्सिडी), 25.00 लाख से 50 लाख तक 20 प्रतिशत, 50 लाख से 1.50 करोड़ तक 10 प्रतिशत तथा 1.50 करोड़ से ऊपर के ऋण हेतु अधिकतम 20 लाख मार्जिन मनी (सब्सिडी) के रूप में देय है, एंव प्रोजेक्ट में स्वंय का अंशदान सामान्य वर्ग के पुरूषों के लिए योजना लागत का 10 प्रतिशत तथा अन्य वर्ग एवं महिलाओं के लिए 5 प्रतिशत लगाना होगा। आवेदन–पत्र केवल वेबसाइड पर आनलाईन भरा जायेगा। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10 जुलाई सांय 5 बजे तक है।

### कब्जे से आलाकत्ल हथौडी बरामद

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में आपराध आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना घोसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब मंगलवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बस स्टैण्ड घोसी के पास से मु0अ0सं0 232/24 धारा 302 भादवि में वांछित अभियुक्त (मृतक का भाई) दिलीप सिंह पुत्र स्व0 लालबहादुर सिंह निवासी कुडहनी थाना घोसी जनपद मऊ की निशान देही पर आलाकत्ल हथौडी बरामद कर गिरतार किया गया। कडाई से पूछताछ के दौरान उक्त द्वारा बताया गया कि पढाई को लेकर बार–बार बोलते व मारते थे। जिससे तंग आकर गुस्से में आकर 06 जून की रात को हथौडी से अपने भाई के सिर पर मारकर हत्या कर दी।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी का निधन, शोक

दोहरीघाट, मऊ। ब्लाक अन्तर्गत गोठा गांव निवासी स्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नाथ की पत्नी 92 वर्षीय सरस्वती देवी के निधन से गांव व क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ पड़ी वही उनकी शव यात्रा मे जन शैलाब उमड़ पड़ा। सेनानी की पत्नी इधर एक हते से फेफड़े के संक्रमण से जुझ रही थी जिनका इलाज वाराणसी के एक नीजी नर्सिंग होम मे चल रहा था तथा चिकित्सक ने दो दिन पूर्व घर ले जाकर सेवा करने को कहा परिजन घर पर दो दिन पूर्व ले आये थे बीती रात अर्ध रात्रि मे उन्होने अंतिम सांस ली। उनका दाह संस्कार मुक्तीधाम पर किया गया। शव को मुखाग्नि उनके द्वितीय पुत्र बिपिन राय ने दी। शवयात्रा मे ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार राय, राजू राय, ग्राम प्रधान रामजनम गुप्त, पूर्व प्रधान विजेन्द्र राय, शैलेष कुमार शाही, मनोज राय, रमेश मामा, अजय राय, अजीत राय, अनिलष गुप्त, कल्पनाथ राय, अजय पाण्डेय, दुर्गा राय, प्रणव राय, नखडू बाबा, रामजी राय समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## 95 किलो गाजा बरामद, बैगनार कार से की जा रही थी तस्करी

सोनभद्र(एजेंसी)। यूपी एसटीएफ व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि जनपद में बड़े पैमाने पर गांजा की खेप लाया जा और यहां से अन्य जनपदों में बिक्री के लिए तस्कर ले जा रहे और मुखबिर की सूचना पर अन्तर्जनपदीय तीन गांजा तस्करो को दो वैगनार कार और 95 किलो 210 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने इस कार व गांजा की कुल अनुमानित कीमत 22 लाख रुपये बताया है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि यह अन्तर जनपदीय गांजा तस्कर जनपद के रामगढ़ से खरीद कर दो बैगनआर कार से 95 किलो गांजा नोएडा ले जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत सोमवार को मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए यूपी एसटीएफ व थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा हिन्दुआरी तिराहे से करमा को जाने वाली सड़क पर शिवशक्ति ढाबा के पास से दो वैगनआर कार नम्बर HR55AM9423 o HR55AQ8945 के डिग्गी में प्लास्टिक की बोरियों में कुल 95. 210 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। इस बरामद कार व गांजा का कुल अनुमानित कीमत 22 लाख रुपये के साथ 03 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर धारा 8/20/25/29/60 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा है। वही एसटीएफ की पूछताछ में विपिन व अमित ने बताया कि हम लोग अपनी–अपनी गाड़ी के चालक हैं हम दोनों लोगों को दौलत राज नोएडा से लेकर आये है और रामगढ़ सोनभद्र में किसी के यहां से दोनों गाड़ियों में गांजा भरवाया था, जिसे लेकर हम लोग नोएडा जा रहे थे तथा दौलत राज से पूछताछ 5रू02 ड करने पर बताया कि मैं कुछ माह से बिजेन्द्र नामक व्यक्ति के सम्पर्क में था, उसे ऑनलाइन रुपया ट्रांसफर करके नोएडा से 02–02 करके लड़कों को बस से रामगढ़ सोनभद्र भेजता था। जनपद मीरजापुर पुलिस द्वारा गत 6 जून 2024 को मेरे इस कारोबार के 02 लड़कों को गांजा के साथ पकड़ लिया गया था। उसके बाद मैं इन दोनों लड़कों विपिन व अमित के इन वैगनार गाड़ी के माध्यम से अधिक मुनाफा कमाने के लालच में रामगढ़, सोनभद्र से विजेन्द्र नाम के व्यक्ति से गांजा लेकर नोएडा जा रहा था आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।। पुलिस ने दौलतराज पुत्र रामबिलास चौधरी निवासी गली नं0– 04 ममूरा सेक्टर 66 थाना फेज–3 गौतमबुद्ध नगर जनपद गौतम बुद्ध नगर उम्र लगभग 29 वर्ष, विपिन चौधरी पुत्र रामदेव चौधरी मिलकलच्छी ग्रेटर नोएडा बिसरख, जनपद गौतमबुद्ध नगर उम्र लगभग 26 वर्ष और अमित कुमार पुत्र मूलचन्द निवासी पतवाड़ी थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्ध नगर उम्र लगभग 28 वर्ष को गिरफ्तार किया।

## चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट तथा तोडफोड व गालीगलौज को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के महंगुआ सलेम भदारी निवासी सुखदेव के पुत्र रामकृष्ण सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के रामजस के पुत्र विपत तथा पत्नी कलावती व अशोक की पत्नी कृष्ण कुमारी एवं दीपक ने बीती उन्तीस अप्रैल को रंजिशन घर में घुसकर मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियो ने गाली देते हुए गृहस्थी के सामान को तोडकर नष्ट कर दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात दीपक समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सीओ की फटकार पर बाइक चोरी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों द्वारा पीडित की बाइक दिनदहाडे उडा ली गयी। लालगंज कोतवाली के मदनगढ़ बेलहा निवासी सिकंदर के पुत्र कल्लू की बाइक बीती उन्नीस अप्रैल को चोरी हो गयी। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। जांच के नाम पर कार्रवाई नही हुई तो पीडित ने सीओ से आपबीती सुनाई। सीओ के निर्देश पर मंगलवार की रात अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का केस दर्ज किया गया है।

## ट्रक ने अधेड़ को रौंदा, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। उदयपुर थाना के अठेहा बाजार तिराहे पर मंगलवार की रात लगभग ग्यारह बजे एक ट्रक अनियंत्रित हो गयी। अमेठी की तरफ से आ रही ट्रक तेज रफ्तार के चलते तिराहे पर अनियंत्रित हो गयी। अनियंत्रित ट्रक दो घरों में टक्कर मारते हुए तीसरे घर के सामने दरवाजे पर सो रहे बाबू अली के पुत्र दिलदार अली 55 को रौंद डाला। ट्रक की चपेट में आने से दिलदार की मौके पर ही मौत हो गयी। इधर अंधेरे का लाभ लेकर चालक ट्रक खड़ी कर फरार हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर पडोसी चीखपुकार करने लगे। सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कराकर बुधवार की सुबह पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली ट्रक को कब्जे में ले लिया है। एसओ उदयपुर राधेबाबू का कहना है कि मृतक के परिजन की तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इधर दिलदार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वही दुर्घटना को लेकर बुधवार को अठेहा बाजार में भी शोक का माहौल दिखा।

## चोरों ने लाखों कीमती गहनें समेत पन्द्रह हजार उड़ाये

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने सोमवार की रात घर में घुसकर करीब पांच लाख रूपये कीमती जेवरात तथा पन्द्रह हजार रूपये नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के लाला का पुरवा रामपुर खास निवासी रामहर्ष पटेल के पुत्र इंद्रपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दस जून की रात चोरों ने घर में घुसकर उसकी बहू तथा बेटी की शादी के लिए रखा कीमती जेवरात चुरा लिया। पीडित के मुताबिक चोरी की घटना में सोने की अंगूठी, चेन, झुमका, मंगलसूत्र, कंगन व सोने की मुहर तथा चांदी के कीमती सामान चोरी हुए हैं। वहीं चोरों ने घर के बर्तन तथा कपड़े के साथ पन्द्रह हजार नकदी पर भी हाथ साफ कर दिया। पीडित रात में करीब तीन बजे पिपरमेण्ट का तेल लेकर घर पहुंचा तो चोरी का वाकया देख वह आवाक रह गया। सूचना पर डायल एक सौ बारह पुलिस रात में पहुंची और घटना का निरीक्षण किया। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## बालिकाओं के स्वावलंबन के लिये हुआ प्रशिक्षण, मिली जागरूकता



लालगंज, प्रतापगढ़। बालिकाओं को स्वावलंबन के लिए सरकार द्वारा रोजगारपरक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नगर के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में बालिकाओं को ईरिक्शा प्रशिक्षण का बोध कराया गया। बालिकाओं ने परिसर में ईरिक्शा को चलाए जाने के प्रशिक्षकों से गुर सीखे। वही स्वावलंबन को लेकर बालिकाओं ने परिसर में एकजुटता का संकल्प जताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि बालिकाओं को आज के आधुनिक युग में स्वावलंबन का जीवन इनके सम्मान में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए आवश्यक है। प्रशिक्षण समन्वयक अमित मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सरकार के द्वारा बालिकाओं को निशुल्क लाइसेंस तथा जीविकोपार्जन हेतु सस्ते ब्याज दर पर तीन लाख रूपये की सहायता भी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण में एक सौ चौबीस छात्राओं का उत्साहजनक प्रतिनिधियन दिखा। कार्यक्रम में विलेज इण्डिया कल्याण संस्थान के निदेशक विकास सिंह, प्रशिक्षक आलोक, प्रियंका, भूमिका, अल्फिया, आकृति ने भी बालिकाओं को स्वावलंबन के टिप्स दिये। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन महाविद्यालय के जनसूचनाधिकारी डॉ. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया।

## प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना से मिले दो लाख




लालगंज, प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना के तहत स्थानीय स्टेट बैंक आफ इण्डिया की शाखा द्वारा पीड़िता को दो लाख रूपये सहायता राशि का चेक सौंपा गया। शाखा प्रबंधक बृजेशचंद्र त्रिपाठी द्वारा बुधवार को बैंक मुख्यालय पर चेक वितरण के समय बताया गया कि प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना में वार्षिक बीस रूपये का लाभार्थी का अंशदान हुआ करता है। उन्होनें बताया कि लक्ष्मणपुर के बरापुर भीख निवासी प्रताप बहादुर सिंह ने बैंक में यह बीमा सुरक्षा योजना कराया था। बीते वर्ष 2023 में बीस मई को प्रताप बहादुर का निधन हो गया। मृतक की पत्नी प्रभावती देवी की सूचना पर बैंक ने बीस रूपये बीमा को कवर करते हुए मृतक की पत्नी को दो लाख का चेक प्रदान किया।

# मॉब लिंचिंग के लिए सरकार सख्त कानून बनाए: हाजी फजलुर्रहमान



12 जून 24 सहारनपुर। देश के कुछ हिस्सों में मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध बढ़ती अमानवीय घटनाओं पर अपना रोष व्याप्त करते हुए पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि अब ऐसी घटनाएं बर्दाश्त से बाहर हो रही हैं। सरकार ऐसे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाए ताकि अपराधियों के हौसले पस्त किया जा सके। गौरतलब हो कि सहारनपुर लोकसभा सीट से पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने छत्तीसगढ़ में मॉब लिंचिंग के शिकार हुए जनपद के गंगोह क्षेत्र के ग्राम लखनौती निवासी पीड़ित परिवार से देर रात मुलाकात की और उन्हें हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद ने मृतक चांद मियां व गंभीर रूप से घायल मृतक का भाई सद्दाम खान के परिवार से मुलाकघत कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि घटना के बारे में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को दोषियों पर कार्यवाही करने के लिए भी पत्र लिखा है। परिवार से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में सब लोग पीड़ित परिवार के साथ हैं और परिवार की हर सम्भव मदद की जाएगी। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारें मॉब लिंचिंग के विरुद्ध कड़े कघनून बनाए ताकि इस तरह के कृत्य करने वालों को सख्त सजा मिले। मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए ठोस और कड़े फैसले लेना बहुत जरूरी हो गया है। इस अवसर पर पूर्व सांसद के साथ चौधरी अबूबकर, हाजी नदीम गंगोह, सैयद अफजल गुड्डू, सैफ अली, रईस मलिक उर्फ चेयरमैन, अब्बास अहमद, कलीम आदि उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, तीन घायल

कुड़वार / सुल्तानपुर(एजेंसी)। लखनऊ वाराणसी हाइवे पर अलीगंज बाजार से मुसाफिरखाना जा रहे ई–रिक्शा को अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना ने ई रिक्शा में बैठे तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाकर क्षतिग्रस्त वाहन को हाइवे से किनारे कराकर आवागमन बहाल कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को बंधुआकला थाना क्षेत्र के अलीगंज बाजार से ई रिक्शा सवारियो को लेकर मुसाफिरखाना की तरफ जा रहा था।

## आलोक हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी समेत नाना गिरफ्तार

### दो दिन पहले धम्मौर थाना क्षेत्र के बिकना गांव में मिली थी सर कटी लाश




सुल्तानपुर(एजेंसी)। सोमवार को धम्मौर थाना क्षेत्र में मिले सर कटे शव के मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ने खुलासा करते हुए आरोपियों नाना नाती को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। बता दे कि नगर कोतवाली क्षेत्र के अफलेपुर निवासी आलोक कोरी(18) पुत्र अनिल कुमार का शव सोमवार को धम्मौर थाना क्षेत्र के बिकना गांव में मिला था।शव मिलने की सूचना पर धम्मौर पुलिस के साथ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए तीन टीमों का गठन का खुलासे का आदेश दिया था। मंगलवार को मृतक के परिजनों ने लखनऊ वाराणसी मार्ग पर अमहट चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियो की मांग थी कि हत्याकांड का जल्द से जल्द खुलासा किया जाय। तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद प्रशाशन व पुलिस अधिकारियों के समझाने बुझाने पर परिजनो ने प्रदर्शन समाप्त कर शव का अंतिम संस्कार किया। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चन्द ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि सोमवार को हुए हत्याकांड को संदीप कुमार पुत्र दौलतराम निवासी अफलेपुर थाना कोतवाली नगर ने अपने नाना शिव प्रसाद पुत्र चमरू निवासी सोमनाभार थाना धम्मौर के साथ मिलकर अंजाम दिया था। एएसपी के अनुसार मृतक आलोक का संदीप कुमार की पत्नी से अवैध सम्बन्ध था जो उसकी पत्नी से मोबाइल फोन पर लगातार बात करता था। जिसे बात न करने के लिए संदीप ने मना किया लेकिन वह नहीं माना। जिसके बाद संदीप ने आलोक को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। गांव निवासी होने के कारण आलोक को इस बात का एहसास नहीं था कि संदीप उसकी हत्या कर सकता है। सोमवार को संदीप, आलोक को विश्वास में लेकर अपने ननिहाल धम्मौर बाजार पहुंचा जहां दोनो ने अपने नाना शिव प्रसाद के साथ मिलकर दारू पिया उसके बाद संदीप आलोक को लेकर बिकना गांव पहुंचा। जहा नशे में बुत आलोक पर पहले ईट से हमला किया। जब वह बेहोश हो गया तो धारदार चाकू से गला काटकर फेंक दिया। पूरी घटना को अंजाम देने में आरोपी संदीप के नाना शिव प्रसाद भी साथ थे। बुधवार को स्वाट टीम व धम्मौर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। 24 घंटे में सफल अनावरण के लिए आईजी रेंज लखनऊ ने पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम देकर पुरस्कृत किया। घटना के खुलासे में सीओ सिटी शिवम मिश्रा, स्वाट टीम प्रभारी धीरेंद्र कुमार व थानाध्यक्ष तरुण पटेल की अहम भूमिका रही।

## जिला अस्पताल में मरीज को पकड़ा दी गई डेट आफ एक्सपायरी दवा



सुल्तानपुर।(एजेंसी) जनपद सुल्तानपुर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सुल्तानपुर में अव्यवस्थाओं का जमकर बोलबाला है। बताते चलें कि जहां मरीज अपने आप को ठीक होने के लिए डॉक्टर को दिखाने जाते हैं वहां ऐसी घोर लापरवाही की जाती है कि मरीज की जान पर आ पड़ती है। विदित हो की मरीज विपिन कुमार (उम्र 8 वर्ष) को उसके परिवारीजन डॉक्टर को दिखाने ले गए डॉक्टर ने मरीज को ठीक होने के लिए सिरप प्रोमेथाजीन हाइड्रोक्लोराइड लिखा, पर्ची को लेकर अस्पताल के दवा काउंटर पर गए वहां मरीज के परिवार को डेट ऑफ एक्सपायरी सिरप पकड़ा दिया गया। इस तरीके की घनघोर लापरवाही से मरीज की जान जा सकती थी। स्वास्थ्य विभाग को अपनी इस लापरवाही पर विचार करना चाहिए।

'क्या कहते हैं जिम्मेदार'

इस मामले में प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव से बात की गई उन्होंने कहा कल हमारा स्वास्थ्य ठीक नहीं था मामले की जानकारी हमें नहीं है, फिलहाल अगर ऐसा है तो संबंधित मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## और अब कानपुर में बकरी चोर भी सक्रिय, ले गये 21 बकरियां, कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट

कानपुर। इस महानगर में जेवरात और नगदी समेत कीमती माल चुराने वाला गिरोह तो पहले से ही सक्रिय था, लेकिन अब बकरी चोरों का भी गिरोह सक्रिय हो गया है। वह घाटमपुर से 21 बकरियां चुरा ले गया। घटना में पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक्सयूवी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है । पुलिस के अनुसार बकरियों की यह चोरी आगामी बकरीद पर बकरियों को महंगे दाम में बेचने के लिए की गई है। रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने चोर को पकड़ने के लिए 70 सीसीटीवी खंगाले हैं। फुटेज में कार तो दिखी है, लेकिन उसका नंबर स्पष्ट नहीं हो सका है।इस बारे में घाटमपुर थाने में तिलसडा गांव निवासी पूनम साहू ने जो रिपोर्ट दर्ज कराई है, उसके मुताबिक वह बकरियां पालन करती हैं। उनके पास लगभग 200 बकरियां है। मौके पर पहुंची पुलिस को पशुपालक पूनम साहू ने बताया देर रात आए कार सवार युवक 16 बकरियां और पांच बच्चे चोरी कर ले गए है। चोरी की घटना घर में लगे सीसी टीवी में भी रिकॉर्ड हुई है। सीसीटीवी में चोर गेट का ताला तोड़कर एक्सयूवी कार में 21 बकरियां लादकर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। घटना में चोरों को पकड़ने के लिए हाल फिलहाल पुलिस रास्ते में पड़ने वाले सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक कर रही है, जिससे कि कार का नंबर स्पष्ट हो सके। जल्द चोरों तक पहुंच सके। पुलिस अब कार को ट्रेस कर रही है कि कार किस तरफ से आइ थी, और किस ओर गई है।वहीं घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस उनकी तलाश लगातार कर रही है ।

## घटिया निर्माण मिलने पर ठेकेदार पर होगी कार्रवाई-एक्सईएन

सुल्तानपुर। कई सालों से आवागमन में रोज दुश्वारियां झेल रहे लगभग 100 गांवों के लोगों को जल्द ही सहूलियत मिल जाएगी। बदहाल पड़े करीब 13.5 किलोमीटर कटका–मायंग मार्ग का 31 करोड़ रुपये से निर्माण शुरू हो गया है। बारिश को नजदीक देखते हुए विभाग ने काम तेज करा दिया है। सुल्तानपुर–अयोध्या हाईवे से कटका के पास से निकलने वाला मायंग मार्ग करीब चार साल पहले जर्जर हो गया था। मार्ग के निर्माण का मुद्दा स्थानीय लोगों ने कई बार उठाया। बीते विधानसभा चुनाव में मार्ग के निर्माण का मुद्दा उठा था। साथ ही निवर्तमान सांसद मेनका गांधी के सामने भी प्रकरण उठा था। अधिकारियों व माननीयों के निर्देश पर लोक निर्माण प्रांतीय खंड की ओर से भेजा गया दो बार प्रस्ताव खारिज हो गया था। करीब छह माह पहले फिर पीडब्ल्यूडी की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने मुहर लगा दी है। मार्ग के निर्माण के लिए करीब 31 करोड़ रुपये की शासन ने स्वीकृति देते हुए पहली किस्त की धनराशि लोकसभा चुनाव के पहले आवंटित कर दी थी। चुनाव की अधिसूचना लागू होने के पहले विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। विभाग ने अब निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। चुनाव समाप्त होते ही निर्माण कार्य में तेजी आ गई है। विभाग की ओर से करीब 13.5 किलोमीटर मार्ग को दो लेन बनाने के साथ ही सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। निर्माण से इस मार्ग से जुड़े करीब 100 गांवों के लोगों का आवागमन आसान हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता संतोषमणि त्रिपाठी ने बताया कि मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। बारिश के पहले ही मार्ग का कार्य पूरा करने की कोशिश जारी है।कटका–मायंग मार्ग के चल रहे निर्माण में लोगों ने सीसी रोड व पटरी निर्माण में घटिया कार्य कराए जाने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया कि कुछ जगह पर गिट्टी उखड़ने लगी है। जानकारी मिलने पर एक्सईएन संतोष मणि त्रिपाठी ने स्वयं सड़क का निरीक्षण कर घटिया निर्माण मिलने पर ठेकेदार पर कार्रवाई करने को कहा है।

## गायब मुबाइल फोन की पुलिस उच्चाधिकारी से शिकायत

अवनीश कुमार मिश्रा जिला संवाददाता

बस्ती जनपद के सी एच सी हरैया पर हर समय अनेक शरारती तत्व घूमते रहते है जो मौका मिलने पर मरीजो तथा उनके साथ आये तिमारदारो के साथ चोरी आदि घटनाओ को अंजाम देते है। इस प्रकार के मामले की जानकारी डूहवा मिश्र थाना छावनी बस्ती निवासी अवनीश कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र मे कहा कि बीते 19 अप्रैल को वह अपनी पत्नी को प्रसव हेतु हरैया सी एच सी पर ले गए थे जहाँ चिकितस्को ने उनकी पत्नी को भर्ती कर लिया, देखभाल के लिए मरीज की ननद ममता पाण्डेय साथ थी। भर्ती कक्ष में दो अज्ञात सरारती घूम रहे थे जो अपनेआप को कर्मचारी बता रहे थे। रात के समय मरीज व तिमारदार की आँख लग जाने पर अज्ञात चोर मुबाइल फोन के कवर मे रखे पांच सौ रुपये की नोट सहित मुबाइल को चुरा लिया। प्रार्थी अवनीश मिश्र ने एस पी को दिये प्रार्थना पत्र में मुबाइल फोन को बरामद कराकर उक्त अज्ञात चोर के विरुद्ध सुसंगत धाराओ मे गिरफ्तार करने की मांग किया है लेकिन जब स्थानीय थाना व पुलिस अधीक्षक से पता नहीं चला तो पीड़ित व्यक्ति ने आईजी को पत्र देकर मोबाइल बरामद के लिए दिया एप्लीकेशन

## मुख्यमंती कन्या सुमंगला योजना की धनराशि बढ़कर हुआ 25000

बस्ती। वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत धनराशि रू. 25000 कर दिया गया हैं। उक्त जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया है कि पहले यह धनराशि रू. 15000 था। उन्होने बताया कि योजनान्तर्गत कुल 6 श्रेणी यथा–प्रथम श्रेणी जन्म पर रू. 5000, द्वितीय एक वर्ष तक का टीकाकरण पूर्ण होने पर रू. 2000, तृतीय कक्षा एक में प्रवेश पर रू. 3000, चतुर्थ कक्षा छः में प्रवेश पर रू. 3000, पंचम कक्षा नौ में प्रवेश पर रू. 5000 तथा षष्टम 10वीं या 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर रू. 7000 दिया जायेंगा।

उन्होने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए उ0प्र0 का स्थायी निवास प्रमाण पत्र तथा परिवार की वार्षिक आय अधिकतम 03 लाख होना चाहिए। उन्होने बताया कि एक परिवार में अधिकतम दो ही बच्चियों को तथा परिवार में अधिकतम दो बच्चे हो, को योजना का लाभ दिया जायेंगा। योजना का लाभ लेने हेतु वेबपोर्टल ीजजचेरूध्ध्ड्ोल.नच.हवअ.पद पर आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

## आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर देना चाहिए-प्रो निशा सिंह

सुल्तानपुर।(एजेंसी) विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जम्मू सेक्टर के रियासी में शिवखोड़ी दर्शन के लिए जा रहे तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले के विरोध में प्रदर्शन किया तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध नारेबाजी की। विश्व हिंदू परिषद की जिला अध्यक्ष प्रोफेसर निशा सिंह, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, बजरंग दल जिला संयोजक गौरव पांडेय तथा सह संयोजक प्रांजल सिंह ने सुल्तानपुर जिले के पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन, जिलाधिकारी को सौंपा एवं लगातार तीन दिन से जम्मू सेक्टर में किए जा रहे आतंकवादी हमलों पर गहरा अफसोस व्यक्त तथा देश से इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की उम्मीद जताई। प्रो निशा सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए यह भी कहा कि हमारी सरकार को पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर देना चाहिए। हमारे देश की आस्था आतंकवादी हमलों से नहीं डिग सकती, खीर भवानी मंदिर दर्शन तथा अमरनाथ यात्रा की भीड़ इस बात को प्रमाणित करती है।

## मौका दीजिये अपने खून को, किसी की रगों में बहने का ...

सुलतानपुर(एजेंसी)। रक्तदान–महादान कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तिथि 14 जून दिन शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर प्रातः 9 बजे से स्थान स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक सुल्तानपुर में रक्तदान महादान महाकुंभ का आयोजन होगा। जिसमे जिले की अधिकांश संस्थाओ के सदस्यगण प्रतिभाग करेगे। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है आप सभी सम्मानित नागरिकों व सामाजिक कार्यकर्ताओ से अपील है कि रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं ।

## मोना की जीत की मन्नत पूरी होने पर बाबा को समर्पित हुआ घण्टा

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की हैट्रिक जीत को लेकर कार्यकर्ताओं ने मन्नत पूर्ण होने पर बाबा धाम में घण्टा समर्पित किया। कुम्भीआइमा के पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रभात ओझा की अगुवाई में बाबा घुइसरनाथ धाम मे पहुंचकर पांच किलो का घंटा विधिविधान से समर्पित किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने घंटा पूजन कर बाबा के जयघोष का शंखनाद भी किया। बतादें विधानसभा चुनाव में विधायक आराधना मिश्रा मोना की जीत को लेकर कार्यकर्ताओं ने बाबा धाम में मन्नतें मांगी थी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव

कुड़वार / सुल्तानपुर(एजेंसी)। गांव के बाहर अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त न हो पाने के बाद शव का पंचनामा करते हुए मर्चरी में रखवा दिया। बुधवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के सोहगौली ग्राम पंचायत के डड़िवा गांव के बाहर जंगल के नाले में अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। गांव के बाहर जंगल में शव पड़े होने की सूचना फैलते ही काफी संख्या में ग्रामीण इक्ट्ठा हो गए। शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर महिला का सिर थोड़ी दूर पर पड़ा मिला। पुलिस टीम ने महिला के दोनो हाथो की तलाश की लेकीन कही नही मिला। ग्रामीणों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए शिनाख्त के लिए मर्चरी में रखवा दिया। प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी ने बताया कि शव के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। शव को जंगली जानवरों ने क्षत विक्षत कर दिया था। घटनास्थल पर हत्या की स्थिति नही लग रही है। घटना स्वाभाविक मृत्यु लग रही है। पुलिस की जांच और क्षेत्र के सोहगौली के डड़वा गांव के बाहर जंगल में मिले लगभग तीस वर्षीय अज्ञात महिला का शव पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए है।

पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से हत्या के संबंध में कोई अहम सुराग नहीं मिले है। मौत स्वाभाविक लग रही है। जब घटनास्थल पर हत्या के कोई सुराग नहीं मिल रहे है तो सवाल यह है कि गांव से लगभग पांच सौ मीटर दूर जंगल में महिला पहुंची कैसे। शव तीन से चार दिन पुराना लग रहा है। पुलिस के अनुसार शव को जंगली जानवरों ने आधा क्षतिग्रस्त कर दिया है। अब पुलिस के सामने शव के शिनाख्त के साथ साथ घटना को खोलने की कड़ी चुनौती है।

## बारिश की भेंट चढ़ा नेपाल और श्रीलंका का मैच




लॉडरहिल, 12 जून। नेपाल और श्रीलंका के बीच टी20 विश्व कप ग्रुप डी का मैच फ्लोरिडा में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। बारिश की वजह से मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसके बाद दोनों टीमों को 1–1 अंक मिला।अंक मिलने से दोनों ही टीमों का विश्व कप 2024 में खाता खुल गया है लेकिन श्रीलंका को इससे बड़ा झटका लगा है, क्योंकि इस मुकाबले को जीतकर 2 अंक हासिल करना उसके लिए बेहद जरूरी था। मैच के रद्द होने के कारण ग्रुप–डी के समीकरण में भी सस्पेंस बढ़ गया है।

इस ग्रुप में उसके अलावा दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की टीम शामिल है।आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, टूर्नामेंट अधिकारियों ने फ्लोरिडा के लॉडरहिल में भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी के बाद यह निर्णय लिया, जहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में उनका पहला मैच होना था।मैच रद्द होने के कारण, श्रीलंका की सुपर आठ चरण में आगे बढ़ने की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी हैं, जबकि नेपाल के क्वालीफिकेशन की संभावना भी कम हैं। फिलहाल टूर्नामेंट में दोनों टीमें अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में हैं।वर्तमान में ग्रुप डी में शीर्ष पर चल रहे दक्षिण अफ्रीका ने सुपर आठ में जगह पक्की कर ली है। तीन मैच खेलने के बाद से श्रीलंका के पास केवल एक अंक है, ऐसे में उनका सुपर–8 में पहुंचना आसान नहीं होने वाला।श्रीलंका अपने अंतिम ग्रुप मैच में 17 जून को नीदरलैंड से भिड़ेगी। जबकि नेपाल को 15 जून को दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला महत्वपूर्ण है और यहां हारने का मतलब टूर्नामेंट में उनका सफर खत्म होना है।श्रीलंका को अगले चरण के लिए क्वालीफाई करना है तो उसे दुआ करनी होगी कि 13 जून को किंग्सटाउन में बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड मैच भी बारिश के कारण रद्द हो जाए। इसके बाद, उसे अपने अंतिम ग्रुप मैच में नीदरलैंड को हराना होगा। या यूं कह लीजिए टीम का आगे का सफर बाकी टीमों के मुकाबलों पर निर्भर करेगा।दूसरी ओर, नेपाल तब भी क्वालीफाई कर सकता है, यदि वह अपने अंतिम दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल कर ले, या नीदरलैंड अपने शेष दोनों मैच हार जाए।

## फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत के साथ हुई बेईमानी



दोहा, 12 जून। फीफा विश्व कप क्वालीफायर में खराब रेफरिंग के कारण भारतीय फुटबॉल टीम को कतर से 1–2 से हार झेलनी पड़ी। एक बार फिर भारत फीफा विश्व कप के मंच पर इतिहास रचने से चूक गया। मैच के बाद भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने टीम के साथ हुई बेईमानी पर आवाज उठाई है।

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 2 मैच में कतर के विवादास्पद बराबरी के गोल को अपनी टीम के साथ अन्याय करार दिया।

भारत का फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में क्वालीफाई करने का सपना एशियाई चौम्पियन कतर से विवादास्पद तरीके से 2–1 से हारने के बाद टूट गया।

यह पूरा मामला मैच के 73वें मिनट में हुआ। भारतीय गोलकीपर गुरप्रीत ने कतर के खिलाड़ी युसूफ अयमन का एक हेडर रोका। इसके बाद गेंद गोल पोस्ट के पास लाइन के पार चली गई लेकिन अल हाशमी बॉल को अंदर लेकर आ गए, जिस पर अयमन ने गोल कर दिया।

इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने खेलना रोक दिया लेकिन रेफरी ने सीटी नहीं बजाई और कतर के खाते में गोल दे दिया। रिप्ले में साफ दिख रहा था कि फुटबॉल लाइन को क्रॉस कर चुकी है, यानी यहां पर खेल रुक जाना चाहिए था।

इस गलत फैसले के कारण भारत का ध्यान भटक गया और उसने अपनी लय खो दी। मैच में शुरुआत में आगे चल रही भारत 1–1 से बराबरी के बाद संघर्ष करता नजर आया। फिर, एशियाई चौम्पियन कतर ने 85वें मिनट में अहमद अल रावी की बदौलत अपना दूसरा गोल कर दिया और मैच अपने नाम करने में सफल रहा।

मैच के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच स्टिमक ने कहा, इस मुकाबले में मेरे खिलाड़ियों के साथ अन्याय हुआ है। हम इस मैच को जीतने और तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने के बहुत करीब थे, लेकिन एक गलत फैसले के कारण ऐसा नहीं हुआ।

कतर को बधाई। मैं कहूंगा कि दोनों देश अपने भविष्य पर गर्व कर सकते हैं क्योंकि सभी खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने दमदार फुटबॉल खेला और यह स्पष्ट था कि दोनों टीमों ने मैच का आनंद लिया।कोच ने आगे कहा, कतर भाग्यशाली रहा, खास तौर पर इसलिए क्योंकि वे 0–1 से पिछड़ने के बाद वापस आए। मैंने रीप्ले देखा है। वह गेंद लाइन से बाहर थी लेकिन फिर भी गोल दिया गया। आज के फुटबॉल में ऐसा नहीं होना चाहिए क्योंकि उस गोल ने इस मैच में सब कुछ बदल दिया।

यह कतर के साथ या किसी भी टीम के साथ हो सकता था, इसलिए मैं कोई बहाना नहीं ढूढ रहा हूं। मुझे बस दुख है कि जब आपके पास 23 लड़के हैं जो वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और कुछ हासिल करने के सपने को जी रहे हैं, लेकिन कुछ गलत फैसले के कारण उनका सपना टूट जाता है।

## ओला इलेक्ट्रिक के आईपीओ को मिली मंजूरी, 7,250 करोड़ रुपये जुटाने की योजना




नईदिल्ली, 12 जून। भवीश अग्रवाल की इलेक्ट्रिक वाहन स्टार्टअप ओला इलेक्ट्रिक को 7,250 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। इस मामले से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी। ओला इलेक्ट्रिक आईपीओ लाने वाली देश की पहली इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी होगी।

सूत्रों ने कहा कि सेबी से मंजूरी मिलने और बाजार में तेजी को देखते हुए कंपनी एक महीने के भीतर अपना आईपीओ ला सकती है।

मगर स्वतंत्र रूप से इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। इस मुद्दे पर जानकारी के लिए बार–बार कोशिश करने के बावजूद कंपनी से संपर्क नहीं हो सका। इस आईपीओ के तहत 5,500 करोड़ रुपये तक के ताजा शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा इसमें ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत करीब 1,750 करोड़ रुपये मूल्य के 9.5 करोड़ से अधिक शेयर शामिल होंगे।

ओला के संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी भवीश अग्रवाल आईपीओ के तहत करीब 4.74 करोड़ शेयर यानी करीब 3.48 फीसदी हिस्सेदारी बेचेंगे।

आईपीओ के जरिये अपनी हिस्सेदारी बेचने वाले अन्य शेयरधारकों में इंडस ट्रस्ट, अल्पाइन अपॉर्चुनिटी फंड, डीआईजी इन्वेस्टमेंट, इंटरनेट फंड 3 (टाइगर ग्लोबल), मैकरिची इन्वेस्टमेंट्स, मैट्रिक्स पार्टनर्स, सॉफ्टबैंक विजन फंड, अल्फा वेव वेंचर्स और टेकने प्राइवेट वेंचर्स शामिल हैं।


ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ कुछ कारणों से अनोखा है। पिछले कई दशकों में यह पहला अवसर होगा जब कोई दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी अपने आईपीओ के साथ पूंजी बाजार में दस्तक देगी। इसके अलावा अग्रवाल पहली बार किसी कंपनी को सूचीबद्ध कराने जा रहे हैं। कंपनी 7 से 8 अरब डॉलर के मूल्यांकन का लक्ष्य रख रही है।

ओला इलेक्ट्रिक ने 2017 में ईवी कारोबार में दस्तक दी थी और वित्त वर्ष 2024 में 35 फीसदी से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ वह इस बाजार की अग्रणी कंपनी बन चुक है। वाहन पोर्टल के अनुसार, ओला इलेक्ट्रिक की बाजार हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2023 में 21 फीसदी से बढ़ी है।

आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, कंपनी जुटाई जाने वाली रकम का उपयोग ऋण बोझ घटाने के अलावा पूंजीगत खर्च और अनुसंधान एवं विकास (आरऐंडडी) मद में करेगी। कंपनी पूंजीगत व्यय मद में 1,226 करोड़ रुपये और ऋण अदायगी मद में 800 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके अलावा आरऐंडडी मद में 1,600 करोड़ रुपये और कारोबार के विकास पर 350 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

कंपनी का कुल राजस्व वित्त वर्ष 2022 में 456 करोड़ रुपये के मुकाबले 510 फीसदी बढ़कर 2,782 करोड़ रुपये हो गया। मगर कंपनी का शुद्ध घाटा भी बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में करीब 1,472 करोड़ रुपये हो गया।

## निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्रालय का कार्यभार संभाला



नईदिल्ली, 12 जून। निर्मला सीतारमण ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए वित्त मंत्रालय का कार्यभार बुधवार को संभाल लिया। वह जल्द ही वित्त वर्ष 2025 के लिए अंतिम बजट पेश करेंगी जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत तीसरी सरकार की प्राथमिकता तथा विकसित भारत की दिशा तय करेगा। नॉर्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन और अन्य शीर्ष अधिकारियों ने सीतारमण का स्वागत किया।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी इस दौरान मौजूद थे। चौधरी ने मंगलवार की शाम को पदभार ग्रहण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्यभार संभालने के बाद वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री को विभिन्न विभागों के सचिवों द्वारा मौजूदा नीतिगत मुद्दों की जानकारी दी गई। सीतारमण ने कहा कि सरकार अपने नागरिकों के श्जीवन की सुगमताय्र सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में आगे भी कदम उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि 2014 से किए गए सुधार जारी रहेंगे, जिससे भारत व्यापक आर्थिक स्थिरता तथा वृद्धि हासिल करेगा।उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के बीच हाल के वर्षों में भारत की सराहनीय वृद्धि गाथा को रेखांकित किया और कहा कि आने वाले वर्षों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण आशावादी है। उन्होंने विभागों से राजग सरकार के विकास एजेंडे को नए जोश के साथ आगे बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री के श्विकसित भारतय्र के सपने को साकार करने के लिए उत्तरदायी नीति निर्माण सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा कि सरकार श सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासय्र में विश्वास रखती है।उन्होंने मजबूत तथा जीवंत अर्थव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उद्योग जगत के लोगों, नियामकों और नागरिकों सहित सभी हितधारकों से निरंतर समर्थन व सहयोग का आह्वान किया। सीतारमण लगातार सातवां बजट और लगातार छठा पूर्ण बजट पेश करके एक रिकॉर्ड बनाएंगी।वित्त वर्ष 2024–25 के लिए पूर्ण बजट अगले महीने, नवगठित 18वीं लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। सीतारमण के नाम मोदी सरकार में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए मंत्री के रूप में शामिल होने वाली पहली महिला बनने का रिकॉर्ड भी है। अपने राजनीतिक करियर में उन्होंने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। 2017 में वह पहली महिला रक्षा मंत्री बनी। इससे पहले वह उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री थीं।अरुण जेटली (वित्त मंत्री 2014–19) के बीमार होने पर सीतारमण ने 2019 के आम चुनाव के बाद नव निर्वाचित मोदी सरकार में वित्त विभाग का प्रभार संभाला था। वह स्वतंत्र भारत में पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनीं।इससे पहले, इंदिरा गांधी ने भारत की प्रधानमंत्री रहते हुए थोड़े समय के लिए अतिरिक्त विभाग के रूप में वित्त का कार्यभार संभाला था। सीतारमण का जन्म 18 अगस्त 1959 को मदुरै में रेलवे में कार्यरत नारायण सीतारमण और सावित्री के घर हुआ था। सीतारमण ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और एम.फिल की है।

राजनीति में आने से पहले सीतारमण ब्रिटेन में कॉरपोरेट जगत का हिस्सा थीं, जहां वह अपने पति परकाला प्रभाकर के साथ रह रही थीं। दोनों की मुलाकात जेएनयू में पढ़ाई के दौरान हुई और 1986 में दोनों ने शादी कर ली। उनकी एक बेटी परकाला वांगमयी है। सीतारमण ने हैदराबाद में सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी स्टडीज की उप निदेशक के रूप में कार्य किया। शहर में उन्होंने एक स्कूल भी शुरू किया। वह 2003 से 2005 तक राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य भी रहीं।

## सोना हुआ महंगा, चांदी भी चमकी



नईदिल्ली, 12 जून। सोने चांदी के वायदा कारोबार में आज तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 71,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 89,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई।सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 33 रुपये की तेजी के साथ 71,523 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 80 रुपये की तेजी के साथ 71,570 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,594 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,523 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 587 रुपये की तेजी के साथ 89,250 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 654 रुपये की तेजी के साथ 89,317 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 89,321 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 89,250 के भाव पर दिन निचला स्तर छू लिया। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव ने 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। कॉमेक्स पर सोना 2,334 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,326.60 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 5.60 डॉलर की तेजी के साथ 2,332.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.38 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 29.23 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.32 डॉलर की तेजी के साथ 29.55 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## वेवर्क के दिवालियापन से बाहर निकलने के बाद कंपनी के सीईओ डेविड टाली ने दिया इस्तीफा




नईदिल्ली, 12 जून। वेवर्क के दिवालियापन से उभरने के बाद कंपनी के सीईओ डेविड टॉली ने इस्तीफा दे दिया। यह कंपनी की पुनर्गठन प्रक्रिया के अंत का प्रतीक है जिसके कारण कंपनी को कई स्थानों पर बंद करना पड़ा था।

कंपनी ने कमर्शियल रियल एस्टेट इंडस्ट्री के दिग्गज जॉन सैंटोरा को अपना नया प्रमुख नियुक्त किया। उन्होंने हाल ही में ग्लोबल रियल एस्टेट सेवा फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड में ट्राई–स्टेट चेयरमैन के रूप में कार्य किया। कभी अमेरिका का सबसे मूल्यवान स्टार्टअप रहा वेवर्क तेजी से विस्तार करता गया, लेकिन महंगे लीज और कोरोना महामारी के कारण मांग में तेज गिरावट के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ा। इसके बाद नवंबर 2023 में कंपनी ने दिवालियापन संरक्षण के लिए आवेदन किया। वेवर्क को पिछले महीने के अंत में एक अमेरिकी दिवालियापन न्यायाधीश से पुनर्गठन योजना की मंजूरी मिली, जिससे इसे 4 बिलियन डॉलर का कर्ज खत्म करने और अपनी इक्विटी को ऋणदाताओं और रियल एस्टेट टेक्नोलॉजी कंपनी यार्डी सिस्टम्स के समूह को सौंपने की अनुमति मिली।

टॉली फरवरी 2023 में बोर्ड सदस्य के रूप में वेवर्क में शामिल हुए। उन्होंने अक्टूबर में सीईओ का पद संभाला और कंपनी को एक मुश्किल समय से बाहर निकाला, जिसमें प्रमुख परिचालन और वित्तीय सुधार शामिल थे।

उनके कार्यकाल के दौरान, वेवर्क ने अपने रियल एस्टेट पोर्टफोलियो में तेजी से कमी की, 190 से अधिक पट्टों पर फिर से बातचीत की, 170 से अधिक गैर–लाभकारी स्थानों से बाहर निकला, और वार्षिक किराया और किरायेदारी खर्च में 800 मिलियन डॉलर से अधिक की कटौती की। इसने अपने भविष्य के विकास को समर्थन देने के लिए नई इक्विटी पूंजी में +400 मिलियन भी सुरक्षित किए, जबकि अपने खर्चों में 30त्न से अधिक की कटौती की।यह स्टार्टअप सॉफ्टबैंक ग्रुप के सबसे बड़े दांवों में से एक था, जिसके पास पिछले नवंबर में लगभग 71त्न हिस्सेदारी थी, हालांकि पिछले कुछ वर्षों में इसने अपना अधिकांश निवेश लिख लिया था।वेवर्क ने अप्रैल में सह–संस्थापक और पूर्व मालिक एडम न्यूमैन के +650 मिलियन के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उनके प्रस्ताव में ऋणदाताओं का दिल जीतने के लिए पर्याप्त उच्च कीमत की पेशकश नहीं की गई है।

## paris Olympics में भी हार नहीं मानने के जज्बे को बरकरार रखेंगे Vishnu saravanan

नयी दिल्ली। भारतीय नौकाचालक विष्णु सरवनन को तोक्यो में अपने पहले ओलंपिक में निर्भीक रवैये से काफी मदद मिली थी और अब वह अगले महीने पेरिस में भी इसी हार नहीं मानने की मानसिकता को जारी रखने के लिए तैयार हैं। सरवनन ने इस साल की शुरू में आस्ट्रेलिया में आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चौम्पियनशिप से अपने दूसरे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इस 25 साल के नौकाचालक ने कहा, ''तोक्यो में मैं निर्भीक होकर खेला था। वो मेरा पहला ओलंपिक था तो मुझे नतीजे की इतनी परवाह नहीं थी। मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था और मैंने ठीक प्रदर्शन किया था।'' सरवनन ने मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा करायी गयी वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह अनुभवी नौकाचालकों और उनकी उपलब्धियों से प्रभावित नहीं हुए जिससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा मिला। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ने कहा, ''उस निडरता ने मुझे सिखाया कि आप खुद को कुछ अनुभवी खिलाड़ियों से कमतर नहीं आंककर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

## सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत, 3 साल में जीडीपी में 6.7 प्रतिशत की होगी वृद्धिः वर्ल्ड बैंक




नई दिल्ली, 12 जून। वर्ल्ड बैंक की ओर से कहा गया है कि भारत अगले तीन साल में 6.7 प्रतिशत की विकास दर से आगे बढ़ेगा। मजबूत घरेलू मांग, निवेश में उछाल और सर्विसेज सेक्टर में अच्छी गतिविधि के चलते भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

ग्लोबल इकोनॉमिक प्रोस्पेक्ट्स रिपोर्ट में वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में भारत के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को 6.6 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

इसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा, हालांकि इसके विस्तार की गति थोड़ी धीमी हो सकती है।वर्ल्ड बैंक ने कहा, वित्त वर्ष 2023–24 में अच्छी विकास दर के बाद, वित्त वर्ष 2024–25 से अगले तीन वित्तीय वर्षों के लिए औसतन 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के लिए वर्ल्ड बैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था के क्रमशरू 6.7 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है।वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, कृषि उत्पादन में सुधार और मुद्रास्फीति में गिरावट से निजी खपत वृद्धि को लाभ मिल सकता है। चालू व्यय को कम करने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप सरकारी खपत में थोड़ी धीमी हो सकती है।

इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2024–25 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया था।आरबीआई ने पिछले हफ्ते चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के जीडीपी विकास पूर्वानुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया।आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि 2024–25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और अंतिम तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना है।

## खुदरा महंगाई के आंकड़े से पहले बाजार में तेजी, सेंसेक्स 246 अंक उछला

मुंबई, 12 जून। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ खुले। बाजार के ज्यादातर सूचकांक हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। सुबह 9रू30 पर सेंसेक्स 246 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 76,702 अंक पर और निफ्टी 87 अंक या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 23,352 अंक पर था।

बाजार में सकारात्मक रुझान बना हुआ है। खबर लिखे जाने तक एनएसई पर 1,660 शेयरों में तेजी और 328 में गिरावट थी।

निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 307 अंक या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 53,974 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 118 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 17,690 अंक पर है।बाजार में उतार–चढ़ाव दर्शाने वाला इंडिया वीआईएक्स दो प्रतिशत की गिरावट के साथ 14.45 पर है।जानकारों का कहना है कि बुधवार को खुदरा महंगाई और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़े आने वाले हैं। इसका बाजार पर असर देखने को मिल सकता है। पिछले दिनों इंडिया वीआईएक्स में 32 प्रतिशत की गिरावट हुई है जो दिखाता है कि बाजार में स्थिरता बढ़ रही है। निवेशकों को न्यूज फ्लो और मजबूत शेयरों पर ही ध्यान देना चाहिए।सेंसेक्स में एचसीएल, टेक महिंद्रा, विप्रो, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और टीसीएस में सबसे ज्यादा तेजी रही। वहीं, एशियन पेंट्स, एचयूएल, टाइटन, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक और नेस्ले इंडिया में सबसे ज्यादा गिरावट है। एशिया के ज्यादातर बाजार लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। टोक्यो और हांगकांग के बाजारों में 1.5 प्रतिशत तक की गिरावट है। वहीं, शंघाई, जाकार्ता और बैंकॉक के बाजारों में मामूली बिकवाली है। हालांकि, सोल के बाजार हरे निशान में हैं। अमेरिका के बाजार मंगलवार को मिले–जुले बंद हुए थे। बुधवार को ब्याज दरों को लेकर अमेरिकी फेड के निर्णय का ऐलान होगा।



# रति अग्निहोत्री ने फिल्म के सीन में जान को खतरे में डाला

फिल्मों में खतरनाक स्टंट या जान के खतरों वाले सीन्स को फिल्माने के लिए आजकल बॉडी डबल का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन पुरानी फिल्मों में एक्टर्स अपने सीन को बिना स्टंट डबल के फिल्माते हुए नजर आते थे। ऐसा ही किस्सा 43 साल पहले आई इमोशनल लव स्टोरी फिल्म एक दूजे के लिए से सामने आया है। के बालाचंदर द्वारा डायरेक्टकी गई इस फिल्म में रति अग्निहोत्री, कमल हासन, माधवी, रजा मुराद और सुनील थामा अहम किरदार में नजर आए थे। फिल्म ने बजट से कई गुना कमाई बॉक्स ऑफिस पर हासिल की थी लेकिन क्या आपको पता है कि लीड एक्ट्रेस रति अग्रिहोत्री ने एक सीन के लिए अपनी जान खतरे में डाल दी थी।

दरअसल, एक सीन में रति अग्निहोत्री को जली हुई तस्वीर को चाय में डालकर पीना था और एक्ट्रेस ने तस्वीर के जले हुए अवशेषों को चाय में मिलाकर पी भी लिया लेकिन ऐसा करना उनकी जान के लिए खतरा साबित हो सकता था क्योंकि उस समय तस्वीरों में चांदी जैसे जहरीले रसायन इस्तेमाल होते थे, जिसके बारे में उन्हें यह एहसास नहीं हुआ। सौभाग्य से उन्हें कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ा। फिल्म की बात करें तो 50 लाख के बजट में बनीं इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ का कलेक्शन हासिल किया था। मूवी की कहानी वासु और सपना की है, जो एक–दूसरे से बेहद प्यार करते हैं पर उनके माता–पिता उनके रिश्ते का विरोध करते हैं। फिर वे प्रेमियों को अलग करने के लिए उनके बीच मतभेद पैदा करते हैं, जिससे वे कभी एक नहीं हो पाते हैं। ¼fgQh½



# चूल्हे पर रोटी सेंकी रानी चटर्जी ने, सभी ने की तारीफ

भोजपुरी सिनेमा की क्वीन कहलाने वाली रानी चटर्जी ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह इस तपतै मौसम में चूल्हे पर रोटियां बना रही हैं। रानी चटर्जी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म दीदी नंबर 1 की शूटिंग में बिजी हैं। वो सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म से जुड़ी अपडेट देती रहती हैं। रानी को चूल्हे पर रोटी बनाता देख फैंस चौंक गए हैं। बहरहाल रानी चटर्जी ने जो लिखा उसने सभी का दिल जीत लिया।भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो दीदी नंबर 1 के लुक में सूट पहने हुए और चोटी करते हुए नजर आ रही हैं। वो चूल्हे पर रोटी सेंक रही हैं। रानी को ऐसा देख फैंस खुश हो रहे हैं और कमेंट भी कर रहे हैं। रानी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा– सेट की कुछ चीजें बहुत अच्छी लगती हैं। असल जीवन में नानी, दादी अपनी मम्मी को चूल्हे पर खाना बनाते हुए देखती थी दीदी नंबर 1 के सेट पर ये करने का मौका मिला। गांव के जीवन की भी अपनी एक बहुत प्यारी खूबसूरती है और मुझे रोटियां बनानी आती हैं। रानी चटर्जी के वीडियो पर फैंस कमेंट करके उनकी तारीफ कर रहे हैं। ¼fgQh½

# श्वेता तिवारी ने 43 की उम्र में फैंस के बीच शेयर किया समर लुक, एक्ट्रेस की हाटनेस देख यूजर्स हुए घायल



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनकी हर एक फोटोज सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट समर लुक में तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद ही सेक्सी और स्टनिंग नजर आ रही हैं।

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट समर लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका क्यूट लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर दिल हार जाते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।श्वेता तिवारी ने अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए कैमरे के सामने खूबसूरत अंदाज में स्माइल देते हुए पोज दिए हैं।

ब्लैक एंड व्हाइट फ्लोरल लुक में शॉर्ट ड्रेस पहनकर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का समर लुक लोग उनके स्टाइल की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।बता दें कि, श्वेता तिवारी ने 43 साल की उम्र में भी खुद को काफी मेंटेंन कर के रखा हुआ है। हालांकि श्वेता तिवारी के चाहने वाले उन्हें उनकी बेटी पलक की बहन बताते हैं।श्वेता तिवारी इंस्टाग्राम पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। उन्होंने खुद की तरह, अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी मेनटेन किया हुआ है।



# हिन्दी सिनेमा की पहली लेडी सुपर स्टार थीं श्रीदेवी

श्रीदेवी ने 2 जून साल 1996 में पहले से शादीशुदा बोनी कपूर से शादी कर ली थी। बोनी पहले से मोना सौरी से शादी कर चुके थे और उनके दो बच्चे भी थे, अंशुला और अर्जुन कपूर। लेकिन फिर उनका दिल श्रीदेवी पर आ गया और 13 साल की शादी को तोड़ कर बोनी ने श्रीदेवी से शादी रचा ली। हाल में एक वीडियो सामने आया जिसमें शादी के तुरंत बाद श्रीदेवी नई नवेली दुल्हन के तौर पर नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्रीदेवी का सादगी भरा अंदाज देखते ही बन रहा है।

इस थ्रोबैक वीडियो में श्रीदेवी बेहद खूबसूरत सी लाल रंग की बनारसी सिल्क ब्लेंड साड़ी पहने नजर आ रही हैं। लाल लिपस्टिक और लाल बिंदी के साथ श्रीदेवी एकदम नई नवेली दुल्हन दिख रही हैं। उन्होंने गोल्डन जूलरी भी पहन रखी है। इस दौरान एक महिला श्रीदेवी का ऑटोग्राफ लेती हैं और एक्ट्रेस मुस्कुरा कर अपने फैन की इच्छा पूरी करती हैं। इस दौरान बोनी कपूर भी पीछे नजर आ रहे हैं। श्रीदेवी की ये थ्रोबैक वीडियो जमकर वायरल हो रही है। हालांकि कुछ फैंस को ऐसा भी लग रहा है कि श्रीदेवी शायद शादी के बाद खुश नहीं थी। फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा कि श्रीदेवी उदास लग रही हैं और उनके चेहरे पर स्माइल नहीं है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, श्रीदेवी खुश नहीं लग रहीं। वहीं दूसरे ने लिखा वह फैन के प्रति पोलाइट नहीं हैं। हिंदी सिनेमा की पहली लेडी सुपरस्टार श्रीदेवी भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आज भी दुनियाभर के फैंस के दिलों में जिंदा हैं। उनकी फिल्में हो या गाने, आज भी लोग उनके दीवाने हैं। उनकी फिल्म या फिल्म का कोई गाना जब भी प्रसारित होता है तो लोगों के दिलों में उनकी पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं। यह आज ही का दिन था, जब उनकी मौत की खबर ने फिल्म जगत के साथ–साथ दुनिया भर के लोगों को झकझोर कर रख दिया था। 24 फरवरी साल 2018 में हुआ श्रीदेवी का आकस्मिक निधन किसी सदमे से कम नहीं था। ¼fgQh½



# बाक्स आफिस पर फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की कमाई में गिरावट जारी, लाखों में सिमटा कारोबार

जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई कर रही है।रूही के बाद यह जाह्नवी–राजकुमार के बीच दूसरा सहयोग है और दोनों की शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।वीकेंड पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अब दूसरे सप्ताह में मिस्टर एंड मिसेज माही की दैनिक कमाई लाखों में सिमट गई है।आइए जानते हैं मिस्टर एंड मिसेज ने 11वें दिन कितने लाख रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मिस्टर एंड मिसेज माही ने रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 90 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 30.8 करोड़ रुपये हो गया है।शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में कुमुद मिश्रा, राजेश शर्मा और जरीना वहाब जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया है।करण जौहर, हीरू यश जौहर और अपूर्व मेहता इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म में आप देख पाएंगे कि राजकुमार राव इस फिल्म में महेंद्र के किरदार में नजर आ रहे हैं। जिन्होंने बचपन से ही क्रिकेटर बनने के सपना देखा होता है, लेकिन पिता नहीं चाहते कि वह क्रिकेट खेलें।इस वजह से उन्हें अपने सपने को छोड़ना पड़ा, लेकिन ये सपना वह अपना पत्नी जाह्नवी कपूर (महिमा) से पूरा करवाते हैं।वैसे तो उनकी पत्नी पेशे से डॉक्टर होती हैं, लेकिन वह पति के कहने पर क्रिकेट खेलती हैं।

# रियलिटी शो बिग बास ओटीटी 3 का टीजर जारी, 21 जून से जियो सिनेमा पर होगा प्रीमियर




रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के तीसरे सीजन का दर्शक पिछले कुछ समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा।बिग बॉस ओटीटी 3 की मेजबानी सलमान नहीं, बल्कि अनिल कपूर करने वाले हैं। पहले दोनों सीजन को सलमान ने होस्ट किया था।अब निर्माताओं ने बिग बॉस ओटीटी 3 का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें अनिल की झलक साफ दिख रही है।टीजर में उनकी दमदार आवाज सुनने को मिल रही है।बिग बॉस ओटीटी 3 का प्रीमियर 21 जून से जियो सिनेमा पर रात 9 बजे से होने जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने टीजर साझा करते हुए लिखा, मौसम बदलेगा, तापमान बदलेगा। अनिल कपूर के आने से अब सब बदलेगा। हमारे होस्ट अनिल कपूर के साथ बिग बॉस ओटीटी 3के इस खास सीजन के लिए तैयार हो जाइए।पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आने वाली हस्तियों को लेकर अटकलें चल रही हैं।

वहीं इस शो को लेकर अनिल कपूर ने भी अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए कहा कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं. हम दोनों दिल से जवान हैं, लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है. ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और मजेदार ट्राई करना. मैं बिग बॉस में उसी एनर्जी को 10 गुना ज्यादा लाने जा रहा हूं. मैं इसमें अपना स्वाद लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता.इस शो में जाने वाले कई कंटेस्टेंट के नाम सामने आ रहे हैं. जिनमें रियाज अली, शिवांगी जोशी, शफक नाज, दलजीत कौर, वायरल वडापाव गर्ल चंद्रिका, यूट्यूबर जैन सैफी, विक्की जैन और अदनान शेख शामिल हैं. इसके अलावा कृति सेनन की बहन नुपूर सेनन त्रिशाला दत्त, अहाना देओल, मिथुन चक्रवर्ती के बेटे उष्मेय चक्रवर्ती और तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम भव्या गांधी के नाम को लेकर भी चर्चा चल रही हैं. हालांकि इस बारे में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है.

# जननी-एआई की कहानी में रोबोट की तरह एक्ट करना चौलेंजिंग था: आशिका भाटिया



टीवी की सबसे हाई प्रोफाइल एक्ट्रेस में से एक आशिका भाटिया जननी–एआई की कहानी शो में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया कि उनके लिए एआई रोबोट की तरह एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था।

शो में आशिका चांदनी के रोल में नजर आएंगी। आशिका ने कहा, मेरे किरदार का नाम चांदनी है। मैं एआई रोबोट हूं, जो इंसानों की तरह लगती है। मेरे लिए रोबोट का एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। मैंने पहले कभी भी ऐसा रोल नहीं किया था, इसलिए मैं इस खास मौके का फायदा उठाना चाहती थी। उन्होंने कहा, खास तौर पर चलते हुए किसी शो में आपको किसी ऐसे व्यक्ति की तरह बर्ताव करना होता है जो पहले से ही सीरीज में है। मेरे लिए किसी और की नकल करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैंने इसे स्वीकार किया। जननी– एआई की कहानी इरा के इर्द–गिर्द घूमती है, जो एक वैज्ञानिक से मां बनी है। वह घातक बीमारी से अपनी बेटी की जान बचाने के लिए एआई रोबोट का आविष्कार करती है। एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, जननी– एआई की कहानी दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आशिका को पिछली बार एंड टीवी पर वाणी रानी शो में देखा गया था। उन्होंने छोटे पर्दे पर मीरा शो में डेब्यू किया था। वह परवरिश – कुछ खट्टी कुछ मीठी में गुणवंत कौर अहलूवालिया के किरदार में नजर आईं। इसके अलावा, उन्होंने 2015 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म प्रेम रतन धन पायो में सलमान खान की छोटी बहन का किरदार भी निभाया।आशिका ने लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स के रूप में एंट्री की, लेकिन कुछ ही हफ्तों बाद शो से बाहर आ गईं।

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक/मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126/21/1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)